Daily
THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
द फोटोन न्यूज Published from Ranchi
Ranchi ● Wednesday, 25 March 2026 ● Year : 05 ● Issue : 69 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : ₹3 ● www.thephotonnews.com
E-Paper : epaper.thephotonnews.com

सुविचार

राजमार्ग पर चलने वाले रास्ता नहीं चुनते, रास्ता उन्हें चुनता है।

–अज्ञेय

Kareena Kapoor Wishes...

SHARE

सेंसेक्स	:	74,068.45
निफ्टी	:	22,912.40

SARAFA

सोना	:	13,015
चांदी	:	240.00

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

BRIEF NEWS

28 को उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन आएंगे रांची

RANCHI : 28 मार्च को देश के उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन रांची आएंगे। वे विशेष विमान से लगभग सुबह 11 बजे रांची हवाई अड्डा पहुंचेंगे। वहां से सीधे खूंटी जिला स्थित बिरसा मुंडा के गांव उलिहातू जाएंगे। उलिहातू में वे बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे और उनके वंशजों से मुलाकात करेंगे। इसके बाद वे वापस लौटकर राजभवन जाएंगे। कुछ देर विश्राम के बाद वे आईआईएम रांची, पुंदाग पहुंचेंगे,जहां दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। देर शाम वे दिल्ली लौट जाएंगे। उपराष्ट्रपति के रांची आने के आधिकारिक जानकारी झारखंड के वरीय पदाधिकारी को दे दी गई है।

दिल्ली विधानसभा को बम से उड़ाने की मिली धमकी

NEW DELHI : मंगलवार को राजधानी में उस समय हड़कंप मच गया, जब दिल्ली विधानसभा को बम से उड़ाने की धमकी मिली। यह धमकी उस दिन आई, जब मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को विधानसभा में बजट पेश करना था। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, सुबह करीब 7:28 बजे विधानसभा को एक धमकी भरा ई-मेल प्राप्त हुआ। इसके कुछ ही मिनट बाद सुबह 7:49 बजे विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता को भी इसी तरह का एक ई-मेल भेजा गया। ई-मेल में विधानसभा भवन को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी, जिससे प्रशासन में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियां तुरंत मौके पर पहुंचीं और पूरे विधानसभा परिसर को घेर लिया गया। सुरक्षा बलों ने भवन के अंदर और आसपास के क्षेत्रों में सघन तलाशी अभियान शुरू किया। कोई आपत्तिजनक वस्तु नहीं मिली। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, एहतियात के तौर पर विधानसभा और उसके आसपास सुरक्षा व्यवस्था को और कड़ा कर दिया गया है।

ऑस्ट्रेलिया पहुंचा भारत का जंगी पोत 'नीलगिरि'

NEW DELHI : मंगलवार को भारतीय नौसेना के अधिकारियों ने बताया कि फ्रिगेट श्रेणी का स्वदेशी और स्टील्थ भारतीय पोत 'नीलगिरि' रॉयल ऑस्ट्रेलियन नेवी की स्थापना की 125वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित अंतरराष्ट्रीय 'फ्लीट रिव्यू' (आईएफआर) में भाग लेने के लिए ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में पहुंच गया है। यह भारत की परियोजना 17-ए का प्रमुख जहाज है। आईएफआर एक तरह से एक विशेष नौसैनिक समारोह है, जिसके तहत कोई देश अपने पोतों, प्रौद्योगिकी और शक्ति का प्रदर्शन करते हैं।

जंग का 25वां दिन : इजरायली रक्षा प्रणाली को भेदते हुए शहर के एक सड़क पर जा गिरी मिसाइल

ट्रंप की बातचीत के दावे के बीच ईरान ने इजरायल व अरब देशों पर किया हमला

इजरायल की भी जवाबी कार्रवाई जारी, वायु सेना ने 50 से अधिक स्थानों को बनाया निशाना

ईरान के कई एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर पर अटैक, मिसाइल लॉन्च साइट और सैन्य ठिकानों को किया टारगेट

NEW DELHI @ PTI : मंगलवार अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का मंगलवार को 25वां दिन रहा। इस बीच ईरान ने इजरायल और खाड़ी के अरब देशों को निशाना बनाकर लगातार हमले करना जारी रखा। इजरायल ने ईरान और बेरूत पर हमला किया। ईरान ने मंगलवार को इजरायल पर कई मिसाइलें दागी, जिनमें से कुछ देश के उत्तरी हिस्से में गिरीं। तेल अवीव में 100 किलोग्राम आयुध ले जाने में सक्षम एक मिसाइल इजरायली रक्षा प्रणाली को भेदते हुए शहर के मध्य में एक सड़क पर जा गिरी। इससे पास की एक इमारत की खिड़कियां टूट गईं और धुआं उठने लगा। इस दौरान उसकी एक मिसाइल तेल अवीव के मध्य में स्थित सड़क पर गिरी। इस बीच राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिका युद्ध समाप्त करने के लिए इस्लामिक गणराज्य ईरान के साथ बातचीत कर रहा है। दूसरी ओर ईरान में कई जगह एनर्जी इन्फ्रास्ट्रक्टचर पर हमला हुआ। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ईरान के इस्फहान शहर में गैस प्लांट और गैस कंट्रोल स्टेशन को निशाना बनाया गया। इसके अलावा खोर्रमशहर के पावर प्लांट और उसकी गैस पाइपलाइन पर भी हमला हुआ। वहीं लेबनान में ईरान समर्थक उग्रवादी संगठन हिजबुल्लाह ने आज इजराइल के 5 ठिकानों पर मिसाइल और ड्रोन अटैक किया। हिजबुल्लाह ने बताया कि उसने इजराइली सैनिकों की एक छावनी, रडार और तोपखाने को निशाना बनाया।

पहली बार मोदी व ट्रंप की बातचीत होर्मुज खुला रखने पर दोनों सहमत

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात की। भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने 'एक्स' पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी है। उनके मुताबिक, दोनों नेताओं ने मिडिल ईस्ट के मौजूदा हालात पर चर्चा की। खास तौर पर होर्मुज स्ट्रेट को खुला रखने की अहमियत पर जोर दिया गया। दूसरी तरफ खबर है कि ईरानी सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई अमेरिका के साथ बातचीत के लिए तैयार है। खामेनेई ने युद्ध को ईरान की शर्तों के अनुसार जल्द खत्म करने पर सहमति जताई है। अल अरबिया की रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ को गुप्त रूप से बताया कि सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई ने वार्ता के लिए अनुमति दी है।

एलपीजी लदे भारत के दो जहाजों ने पार किया होर्मुज

केंद्र सरकार ने देश में एलपीजी, पेट्रोल और डीजल की उपलब्धता को लेकर उपभोक्ताओं को आश्वस्त किया है। एलपीजी से भरे हुए भारत के दो जहाजों ने सुरक्षित रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य को पार कर लिया है।

जारी संघर्ष पर सर्वदलीय बैठक आज

पश्चिम एशिया में जारी युद्ध को लेकर केंद्र सरकार ने बुधवार शाम 5 बजे सर्वदलीय बैठक बुलाई है। यह बैठक संसदीय सौंध (पार्लियामेंट हाउस एनेक्सी) में होगी।

जंग से गंभीर होंगे नतीजे : पीएम मोदी

राज्यसभा को प्रधानमंत्री ने 21 मिनट तक किया संबोधित

मंगलवार को राज्यसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम एशिया के हालात पर 21 मिनट तक संबोधित किया। उन्होंने कहा कि अमेरिका-इजरायल की ईरान से जंग जारी रही तो इसके गंभीर नतीजे होंगे। आने वाला समय देश की सबसे बड़ी परीक्षा लेने वाला है। इसमें राज्यों का सहयोग जरूरी है। टीम इंडिया की तरह काम करना होगा। उन्होंने कहा कि होर्मुज स्ट्रेट में हमारे जहाज और भारतीय क्रू फंसे हुए हैं। ये चिंताजनक है। हमारे व्यापार के रास्ते प्रभावित हो रहे हैं। गैस-तेल, फर्टिलाइजर्स जैसे जरूरी सामान की सप्लाई पर असर पड़ा है। पीएम ने कहा कि ऐसे संकट के समय में गरीबों पर, श्रमिकों पर बुरा असर पड़ता है। उन्हें पीएम गरीब अन्न कल्याण योजना का लाभ मिलता रहे। राज्य सरकार इसके लिए विशेष व्यवस्था करे।

आने वाला समय देश की सबसे बड़ी परीक्षा लेगा, टीम इंडिया की तरह करना होगा काम

जस्टिस पीके मिश्रा और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने सुनाया फैसला

केवल हिंदू-बौद्ध और सिख ही एससी के दर्जे का कर सकते हैं दावा : सुप्रीम कोर्ट

धर्म बदलने पर खत्म हो जाता है अनुसूचित जाति का दर्जा

महिला अफसर सेना में स्थायी कमीशन की हकदार

मंगलवार को भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना में शॉर्ट सर्विस कमीशन (एसएससी) की महिला अफसरों को पूरी पेंशन देने का आदेश दिया। जिन मामलों में महिला अफसर परमानेंट कमीशन (पीसी) न मिलने के कारण पहले ही सेवा छोड़ चुकी थीं, उन्हें एकमुश्त राहत देते हुए 20 साल की सेवा पूरी मानकर पेंशन और अन्य लाभ देने का आदेश दिया। कोर्ट ने कहा- सशस्त्र बलों के भीतर मौजूद भेदभाद के कारण महिला अफसरों को परमानेंट कमीशन से वंचित किया गया, उन्हें इसका अधिकार है। महिलाओं को परमानेंट कमीशन न देना उनकी योग्यता की कमी नहीं, बल्कि व्यवस्था में मौजूद भेदभाव का नतीजा था।

NEW DELHI @ PTI : मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि केवल हिंदू, सिख और बौद्ध धर्म से जुड़े लोग ही अनुसूचित जाति (एससी) का दर्जा प्राप्त कर सकते हैं। अगर कोई ईसाई या किसी और धर्म में धर्मांतरण करता है, तो वह अनुसूचित जाति का दर्जा खो देगा। जस्टिस पीके मिश्रा और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने फैसला सुनाते हुए कहा कि ईसाई धर्म अपनाने वाला दलित व्यक्ति अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत मिलने वाले किसी भी संरक्षण का दावा नहीं कर सकता है। यह फैसला आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट के मई 2025 के फैसले के खिलाफ लगाई गई चिंथदा की याचिका पर सुनाया गया।

देश का पहला मामला : 31 साल के हरीश ने दिल्ली एम्स में ली अंतिम सांस

13 साल से कोमा में रहे हरीश राणा का निधन, इच्छामृत्यु की मिली थी इजाजत

NEW DELHI @ PTI : मंगलवार को हरीश राणा ने दिल्ली एम्स में अंतिम सांस ली। पीटीआई ने सूत्रों के हवाले से इसकी पुष्टि की है। 31 साल के हरीश 13 साल से कोमा में थे। सुप्रीम कोर्ट ने 11 मार्च को इच्छामृत्यु की इजाजत दी थी। ये देश का पहला मामला है, जिसमें किसी को इच्छामृत्यु दी गई है। एम्स में हरीश को पैसिव यूथेनेशिया दिया गया। इसका मतलब होता है कि किसी गंभीर रूप से बीमार मरीज को जिंदा रखने के लिए जो बाहरी लाइफ सपोर्ट या इलाज दिया जा रहा है, उसे रोक दिया जाए या हटा लिया जाए, ताकि मरीज की प्राकृतिक रूप से मौत हो सके।

11 मार्च को सुप्रीम कोर्ट ने दिया था फैसला

हरीश राणा की फाइल फोटो

हॉस्टल की चौथी मंजिल से गिरे, तब से थे बिस्तर पर

दिल्ली में जन्मे हरीश राणा चंडीगढ़ की पंजाब यूनिवर्सिटी से बीटेक की पढ़ाई कर रहे थे। 2013 में वह हॉस्टल की चौथी मंजिल से गिर गए। इसकी वजह से उनके पूरे शरीर में लकवा मार गया और वह कोमा में चले गए। वह न कुछ बोल सकते थे और न ही महसूस कर सकते थे।

रांची के चुटिया थाना क्षेत्र की घटना

रिजल्ट आने से पहले 8वीं की छात्रा ने कर ली खुदकुशी

PHOTON NEWS RANCHI : मंगलवार को चुटिया थाना क्षेत्र में रहने वाली आठवीं कक्षा की एक छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक छात्रा का स्कूल में रिजल्ट आने वाला था। चुटिया थानेदार के अनुसार, छात्रा सुबह स्कूल जाने की तैयारी के लिए अपने कमरे में गई थी। इसी दौरान उसने पंखे से लटककर अपनी जान दे दी। जब काफी देर तक वह कमरे से बाहर नहीं आई तो घरवालों को संदेह हुआ। दरवाजा खोलने पर छात्रा को फंदे से लटका हुआ पाया गया।

घरवाले तुरंत उसे नीचे उतारकर अस्पताल ले जाने की कोशिश की, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलने के बाद चुटिया थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी ने बताया कि परिवार के सदस्य इस घटना से बेहद आहत हैं, जिसके कारण उनसे अभी विस्तृत पूछताछ नहीं की जा सकी है।

आलमगीर आलम और संजीव लाल की जमानत पर आज होगी सुनवाई

RANCHI : पूर्व मंत्री आलमगीर आलम और आप्त सचिव संजीव लाल की जमानत याचिका पर बुधवार को सुनवाई होगी। ईडी के अधिवक्ता एसवी राजू के दूसरे कोर्ट में व्यस्त होने की वजह से मंगलवार मामले में सुनवाई नहीं हो सकी। इससे पहले इन दोनों याचिकाओं पर 20 मार्च को सुनवाई शुरू होते ईडी द्वारा दाखिल किए गए शपथ पत्र पर जवाब देने के लिए समय की मांग की गई थी। न्यायालय ने इसे स्वीकार करते हुए 24 मार्च की तिथि निर्धारित की थी। निर्धारित तिथि पर सुनवाई के दौरान आलमगीर आलम की ओर से यह कहा गया कि वह 76 साल के हैं। प्राथमिकी में अभियुक्त नहीं थे। लेकिन डायरी में लिखे साहब शब्द को जांच एजेंसी से मंत्री मान लिया और गिरफ्तार कर लिया।

हाईकोर्ट ने दुमका की निचली अदालत के फैसले को किया रद्द, कहा-

जमीन खतियान केस में 6 माह बाद आपत्ति अवैध

PHOTON NEWS RANCHI : मंगलवार को झारखंड हाईकोर्ट ने कहां की जमीन खतियान मामले में 6 माह बाद की गई आपत्ती अवैध है। इसके साथ ही कोर्ट ने दुमका के एक भूमि विवाद मामले में निचली अदालत के आदेश को रद्द कर दिया। जस्टिस एसके द्विवेदी की अदालत ने कहा कि जब रिकॉर्ड आफ राइट्स (खतियान) अंतिम रूप से प्रकाशित हो चुका है, तो उसके बाद दायर किया गया मुकदमा कानूनन मान्य नहीं है। हाईकोर्ट ने कहा कि संथाल परगना बंदोबस्ती विनियमन 1872 की धारा 24, 25 और 11 के अनुसार रिकॉर्ड आफ राइट्स के प्रकाशन के 6 महीने बाद वह अंतिम हो जाता है। उसके बाद बिना नई बंदोबस्ती या राज्य सरकार की अनुमति के उसे चुनौती नहीं दी जा सकती।

बिना नई बंदोबस्ती या राज्य सरकार की अनुमति के नहीं दी जा सकती चुनौती

दायर मुकदमा समय-सीमा से बाहर और कानूनन वर्जित

हाईकोर्ट ने कहा कि प्रतिवादी ने न तो 6 महीने के भीतर आपत्ति की न ही 1998 के अंतिम प्रकाशन को चुनौती दी। इसलिए 2006 में दायर मुकदमा समय-सीमा से बाहर और कानूनन वर्जित माना गया। उल्लेखनीय है कि यह मामला दुमका जिले के बारा करैला और गजांदा गांव की जमीन से जुड़ा है।

गोड्डा में होमगार्ड भर्ती के अंतिम नतीजों पर रोक

झारखंड के गोड्डा जिला में चल रही होमगार्ड बहाली प्रक्रिया को लेकर दायर याचिका पर मंगलवार को उच्च न्यायालय में सुनवाई हुई। न्यायमूर्ति आनंद सेन की अदालत ने मामले में अगली सुनवाई तक बहाली का अंतिम परिणाम प्रकाशित करने पर रोक लगा दी। यह याचिका सिकंदर मुर्मू द्वारा गोड्डा जिला में जारी होमगार्ड बहाली प्रक्रिया के खिलाफ दायर की गई है। अदालत ने मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रतिवादियों को प्रति शपथपत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है।

सेहत की सुरक्षा लगातार शुगर लेवल हाई रहने पर बहरेपन की भी आ सकती है स्थिति

डायबिटीज से सुनने और देखने की क्षमता कम होने का बढ़ा खतरा

PHOTON NEWS @ RESEARCH DESK : डॉक्टरों और पोषण विशेषज्ञों के अनुसार, संतुलित सेहत के लिए संतुलित आहार आवश्यक है। आहार में आने वाली गड़बड़ियों सेहत के लिए कई प्रकार की कठिनाइयां पैदा करती हैं। सामान्य रूप से संतुलित सेहत के लिए ब्लड में शुगर का संतुलित लेवल बने रहना आवश्यक है। खानपान में गड़बड़ी और जीवनशैली में परिवर्तन के कारण आज के दौर में कम उम्र में भी ब्लड शुगर लेवल हाई हो जाना स्वास्थ्य के लिए बड़ी समस्या बन गई है। ऐसी स्थिति में शरीर की जैव क्रियाओं में असंतुलन आ जाता है। हाल में हुए रिसर्च के माध्यम से यह महत्वपूर्ण जानकारी सामने आई है कि ब्लड शुगर लेवल का अक्सर बढ़ा रहना पूरे शरीर पर असर डाल सकता है। यहां तक कि सुनने और देखने की क्षमता कमजोर होने का खतरा बढ़ जाता है। डायबिटीज के मरीजों को दिल की बीमारी और किडनी फेल्योर की नौबत का भी सामना करना पड़ता है। शोधकर्ताओं का कहना है कि अगर शुगर लेवल कंट्रोल में नहीं है, तो इसका कानों पर भी असर हो सकता है। इतना ही नहीं, बढ़ा हुआ शुगर लेवल बहरेपन का खतरा भी बढ़ाने वाला हो सकता है।

कम उम्र में शरीर की छोटी रक्त वाहिकाओं और नसों को भी पहुंचने लगता है नुकसान

खानपान में गड़बड़ी के कारण शरीर की जैविक क्रियाओं में उत्पन्न होता है असंतुलन

- सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन के डॉक्टरों की टीम ने किया विशेष अध्ययन
- कान-आंख सहित कई अन्य अंगों से संबंधित समस्याओं का बढ़ जाता है जोखिम

अंगों के कार्य करने की संवेदनशीलता प्रभावित होने पर गंभीर होने लगती है समस्या

कमजोरी और सुनने की समस्या का खतरा

नए अध्ययन से पता चलता है कि डायबिटीज से पीड़ित लोगों में सामान्य लोगों की तुलना में आंखों की कमजोरी और सुनने की समस्या का खतरा दोगुना हो सकता है। लंबे समय तक सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (सीडीसी) के डॉक्टर ने इस समस्या पर विशेष अध्ययन किया है। उनका कहना है कि डायबिटीज एक खतरनाक क्रॉनिक बीमारी है।

नियमित रूप से शुगर की जांच करना आवश्यक

जिन लोगों का शुगर लेवल अक्सर बढ़ा हुआ रहता है, उनमें कान-आंख सहित कई अन्य अंगों से संबंधित समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है। इस विषय में रांची के जाने-माने फिजिशियन और हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. अरुण सरकार मैं वर्तमान स्थिति की जानकारी देते हुए विस्तार से बताया कि जिस तरह से डायबिटीज का खतरा कम उम्र के लोगों में भी बढ़ता जा रहा है, इसे लेकर सभी लोगों को अलर्ट हो जाना चाहिए। नियमित रूप से शुगर की जांच और इसे कंट्रोल में रखने वाले उपाय आपको किसी बड़ी समस्या से सुरक्षित रखने में मददगार हो सकते हैं। जब लंबे समय तक ब्लड शुगर कंट्रोल में नहीं रहता, तो यह शरीर की छोटी रक्त वाहिकाओं और नसों को नुकसान पहुंचाती है। इससे इससे देखने और सुनने की क्षमता भी प्रभावित होती है। रिम्स के सेवानिवृत्त आई स्पेशलिस्ट डॉ. राजीव कुमार के अनुसार, यह समझना जरूरी है कि नसें और सूक्ष्म रक्त नलिकाएं आंखों और कानों जैसे संवेदनशील अंगों को सही तरीके से काम करने में मदद करती हैं।

झारखंड विनियोग विधेयक 2026 को राज्यपाल की मंजूरी

RANCHI : मंगलवार को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने संविधान के अनुच्छेद 200 के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए झारखंड विधानसभा द्वारा पारित झारखंड विनियोग (संख्या 2) विधेयक, 2026 को अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस मंजूरी के साथ ही राज्य सरकार को वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए प्रस्तावित बजट के अनुरूप खर्च करने का अधिकार मिल गया है। विधेयक के तहत कुल 1 लाख 58 हजार 560 करोड़ रुपये के वार्षिक बजट का प्रावधान किया गया है। यह विनियोग विधेयक राज्य के विभिन्न विभागों और योजनाओं के लिए धन आवंटन सुनिश्चित करता है, जिससे विकास कार्यों और सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन को गति मिलेगी।

विदर्भ व मराठवाड़ा क्षेत्र में निम्न दबाव

झारखंड में 30 मार्च तक बारिश-वज्रपात का अलर्ट

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड की राजधानी रांची सहित राज्य के विभिन्न जिलों में मौसम ने करवट ले ली है। मौसम विभाग ने 30 मार्च तक कई इलाकों में मेघ गर्जन के साथ हल्की बारिश और वज्रपात की संभावना जताई है। विभाग ने 24, 27 और 28 मार्च के लिए येलो अलर्ट जारी किया है, जबकि 29 और 30 मार्च को भी राज्य के कई हिस्सों में बारिश और बिजली गिरने की आशंका बनी हुई है। मौसम विभाग के अनुसार, मध्यवर्ती मध्य प्रदेश और उत्तरी महाराष्ट्र से होते हुए विदर्भ और मराठवाड़ा क्षेत्र में एक निम्न दबाव का क्षेत्र बना हुआ है।

डाल्टनगंज में सबसे अधिक तापमान रिकॉर्ड

पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान डाल्टनगंज में 33.6 डिग्री सेल्सियस और सबसे कम तापमान पूर्वी सिंहभूम के जगन्नाथपुर में 14.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मंगलवार को रांची और आसपास के क्षेत्रों में सुबह से बादल छाए रहे। कुछ इलाकों में हल्की बूंदाबांदी भी हुई, हालांकि दोपहर बाद मौसम साफ हो गया। गौरतलब है कि पिछले एक सप्ताह से झारखंड के कई जिलों में मौसम में लगातार बदलाव देखा जा रहा है। बारिश और ओलावृष्टि के कारण तापमान में 3 से 9 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट दर्ज की गई है।

अपराधियों ने खदान से लूटे 600 फीट केबल, जलसंकट का खतरा

धनबाद जिले के रामकनाली ओपी क्षेत्र में बीसीसीएल की कोलियरी में हुई घटना

AGENCY DHANBAD :
जिले के रामकनाली ओपी क्षेत्र अंतर्गत बीसीसीएल एरिया-04 की रामकनाली कोलियरी में बीती रात एक बड़ी आपराधिक घटना सामने आई है। अपराधियों ने खदान पर धावा बोलते हुए करीब 600 फीट लंबा केबल लूट लिया। इस घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है और आसपास की करीब 15 हजार की आबादी पर जल संकट का खतरा भी मंडराने लगा है। घटना की जानकारी उस समय हुई जब खदान में काम कर रहे कर्मी काफी देर तक बाहर नहीं निकले। संदेह होने पर खदान के इंचार्ज अंदर पहुंचे और वहां का नजारा देखकर हैरान रह गए। अपराधियों ने खदान के मुख्य द्वार को काटकर अंदर प्रवेश किया था

घटनास्थल का जायजा लेते बीसीसीएल के अधिकारी

और वहां मौजूद कर्मियों को बंधक बना लिया था। इतना ही नहीं, अपराधियों ने कर्मियों से उनके कैप और लैम्प भी छीन लिए, जिससे वे अंधेरे में फंस गए। इसके बाद बदमाशों ने आराम से केबल काटा और मौके से फरार हो गए। जाते-जाते उन्होंने खदान की टेलीफोन लाइन को भी क्षतिग्रस्त कर दिया, ताकि सूचना बाहर न जा सके। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि घटना स्थल से रामकनाली ओपी की दूरी महज कुछ ही फीट है, इसके बावजूद इतनी बड़ी वारदात हो जाना पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। खदान इंचार्ज राजेश मंडल ने कहा कि अपराधियों ने गेट काटकर अंदर घुसकर हमलोगों को बंधक बना लिया, इसके बाद कैप-लैम्प छीन लिया और केबल काटकर ले गए। फोन लाइन भी तोड़ दिया गया था। लगातार हो रही ऐसी घटनाओं से स्थानीय कर्मियों में डर का माहौल है। हालात यह हैं कि अब कर्मचारी खदान में ड्यूटी करने से भी कतराने लगे हैं। फिलहाल बीसीसीएल अधिकारियों की ओर से इस घटना की लिखित शिकायत पुलिस को दी जा रही है और कार्रवाई की मांग की जा रही है।

झॉपआउट बच्चों को स्कूल से जोड़ने के लिए 9 अप्रैल से शुरू होगा अभियान

PHOTON NEWS JSR:
झारखंड सरकार ने राज्य में शिक्षा के स्तर को सुधारने और शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने के लिए ह्लस्कूल रूआर 2026ह्व अभियान शुरू करने का निर्णय लिया है। शिक्षा विभाग द्वारा जारी निदेशों के अनुसार, यह विशेष अभियान 9 अप्रैल से शुरू होकर अगले 21 दिनों तक चलेगा। इसका मुख्य उद्देश्य स्कूल छोड़ चुके (ड्रॉपआउट) बच्चों को वापस लाना और उनकी नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करना है। इस अभियान के तहत पंचायत से लेकर जिला स्तर तक व्यापक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। घर-घर सर्वे के जरिए उन बच्चों को चिन्हित किया जाएगा जो वर्तमान में विद्यालय नहीं जा रहे हैं। अभियान की सफलता के लिए शिक्षकों, आंगनबाड़ी सेविकाओं, सहिया, स्वयंसेवी संगठनों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी तय की गई है। इसके साथ ही अभिभावकों को प्रेरित

करने के लिए जागरूकता रैलियां और विशेष नामांकन शिविर भी लगाए जाएंगे। अभियान की पारदर्शिता के लिए बच्चों की दैनिक उपस्थिति ई-विद्यावाहिनी पोर्टल पर अनिवार्य रूप से दर्ज की जाएगी। जिला स्तर पर गठित विशेष कोषांग प्रतिदिन की प्रगति का विश्लेषण करेगा। शिक्षा सचिव ने सभी उपायुक्तों को व्यक्तिगत रूप से मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए हैं। बेहतर प्रदर्शन करने वाले स्कूलों और प्रखंडों को राज्य स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। यह पहल राज्य में 'शिक्षा क्रांति' लाने और हर बच्चे को स्कूल से जोड़ने की दिशा में एक बड़ा कदम मानी जा रही है।

ऐसे चलेगा कार्यक्रम

- अभियान 9 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक कुल 21 दिनों के लिए संचालित किया जाएगा।
- नई शिक्षा नीति के तहत 5-18 आयु वर्ग के सभी बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन और नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करना है।
- आंगनबाड़ी के 5+ आयु के बच्चों का स्कूलों में नामांकन।
- विद्यालय से बाहर रह गए (ड्रॉपआउट) और प्रवासी बच्चों को वापस लाना।
- कक्षा 1 से 11 तक के छात्रों की अगली कक्षाओं में प्रोन्नति और ठहराव सुनिश्चित करना।

इस प्रकार प्राप्त किया जाएगा लक्ष्य

- इसके लिए 9 अप्रैल : राज्यस्तरीय बैठक
- 11 अप्रैल : जिला स्तर पर उपायुक्त की अध्यक्षता में बैठक
- 13 अप्रैल : प्रखंड स्तर पर विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक
- 15 से 30 अप्रैल : विद्यालय स्तर पर विभिन्न गतिविधियां

BRIEF NEWS

रिश्तेदार के घर आई किशोरी की फंदे पर मिली लाश

LOHARDAGA : जिले के सेन्हा थाना क्षेत्र के बंसरी गांव में एक किशोरी की फंदे पर लटकी लाश मिली है। मृतक की पहचान लोहरदगा जिले के बगडू थाना क्षेत्र के सियारपाड़ा गांव निवासी रवि भगत की पुत्री सिमरन उरांव (16) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि सिमरन 15 मार्च को अपने बड़े भाई के साथ सरहुल मनाने अपनी फुआ के घर बंसरी गांव आई थी। सरहुल समाप्त होने के बाद उसका भाई और परिवार के अन्य सदस्य लौट गए, लेकिन सिमरन अपनी फुफेरी बहन और दादी के साथ यहीं रुक गई थी। घटना के संबंध में बताया जाता है कि सिमरन के फुआ-फूफा दूसरे प्रदेश में काम करते हैं। घर में सिर्फ उसकी फुफेरी बहन और दादी ही थी। मंगलवार रात सभी ने भोजन कर सोने चले गए। इस दौरान सिमरन मोबाइल पर किसी से बात कर रही थी। देर रात उसने घर के बरामदे में बरेंडी के सहारे दुपट्टे से फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। सुबह जब परिजन उठे तो सिमरन को फंदे से झूलता देखकर शोर मचाने लगे। आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण जुट गए। घटना की सूचना तत्काल सेन्हा थाना को दी गई, जिसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

विस समिति ने एनटीपीसी से मांगी मुआवजे की रिपोर्ट

HAZARIBAG : झारखंड विधानसभा की सामान्य प्रयोजन समिति ने मंगलवार को हजारीबाग जिले का दौरा किया। समिति ने परिसदन में विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर जिले में संचालित जन-कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक की अध्यक्षता समिति के सभापति सत्येंद्रनाथ तिवारी ने की, जिसमें समिति के सदस्य मंगल कालिंदी व रोशन लाल चौधरी भी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान समिति ने विभिन्न विभागों द्वारा क्रियान्वित योजनाओं की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करते हुए निमार्णाधीन योजनाओं में आ रही समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। इस क्रम में विधायक फंड, एनटीपीसी से संबंधित मुआवजा भुगतान, डीएमएफटी एवं सीएसआर मद से संचालित योजनाएं, ग्रामीण एवं शहरी जलापूर्ति योजनाओं की प्रगति की विशेष रूप से समीक्षा की गई। समिति ने एनटीपीसी के अधिकारियों को मुआवजा भुगतान से संबंधित अद्यतन रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही अवैध बालू खनन पर रोक लगाने पर विचार-विमर्श किया गया। पैक्स के माध्यम से की गई धान अधिप्राप्ति के भुगतान में तेजी लाने के लिए जिला आपूर्ति पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त एसी बिल की लंबित मामलों पर भी गंभीरता से संज्ञान लेते हुए दिशा-निर्देश जारी किए गए। बैठक में राजस्व एवं भूमि सुधार, भू-अर्जन, खनन विभाग, भवन प्रमंडल, पीएचईडी सहित अन्य विभागों की योजनाओं की जानकारी प्राप्त की गई।

चौपारण में उत्पाद विभाग ने शराब भट्ठी पर मारा छापा

HAZARIBAG : रामनवमी को देखते हुए उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह के निदेर्शानुसार सघन कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में सहायक आयुक्त उत्पाद के निर्देशन में चौपारण थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम असनाचुवा एवं गोरमोरवा में अवैध महुआ चुलाई शराब के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान तीन अलग-अलग स्थानों पर संचालित अवैध शराब भट्ठियों को ध्वस्त किया गया। घटनास्थल एवं आसपास छिपाकर रखे गए लगभग 2200 किलोग्राम जावा महुआ (किण्वयन योग्य) को नष्ट किया गया। इसके साथ ही शराब निर्माण में प्रयुक्त सामग्री, बर्तन आदि जब्त किए गए एवं लगभग 130 लीटर अवैध चुलाई शराब भी बरामद की गई। विभागी अधिकारियों ने बताया कि इस मामले में संलिप्त अभियुक्तों की पहचान की जा रही है तथा सभी के विरुद्ध सुसंगत धाराओं के तहत फरार अभियोग दर्ज किया जा रहा है।

अल्लापुजा एक्सप्रेस में ड्यूटी के दौरान कर्मचारी की मौत

AGENCY DHANBAD :
अल्लापुजा एक्सप्रेस में ड्यूटी के दौरान एक आउटसोर्स कर्मचारी की तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों ने कंपनी पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया और मुआवजे की मांग की। मृतक की पहचान पिंटू कच्छी उर्फ भारती के रूप में हुई है, जो (राज इन्फॉर्मेटिक्स कंस्ट्रक्शन) के तहत एसी कोच में अटेंडेंस का कार्य करते थे। जानकारी के अनुसार, वे धनबाद जंक्शन से अल्लापुजा जाने वाली ट्रेन में ड्यूटी पर थे। ट्रेन खुलने के कुछ ही देर बाद उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई और स्थिति लगातार गंभीर होती गई। बताया गया कि अल्लापुजा जंक्शन पहुंचने तक उनकी हालत बेहद नाजुक हो

घटनास्थल पर जांच करते पुलिस पदाधिकारी

चुकी थी, जहां उनकी मौत हो गई। मंगलवार को जब शव धनबाद लाया गया तो परिजनों का आक्रोश फूट पड़ा और उन्होंने कंपनी के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। मृतक के बेटे ऋतिक कुमार भारती ने आरोप लगाया कि उनके पिता पिछले तीन वर्षों से कंपनी में कार्यरत थे, लेकिन कंपनी प्रबंधन उन्हें महज दो दिन का कर्मचारी बता रहा है। उन्होंने कहा कि यह कंपनी की गंभीर लापरवाही है और परिवार को न्याय के साथ उचित मुआवजा मिलना चाहिए। मामले की गंभीरता को देखते हुए स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने हस्तक्षेप किया। धनबाद मेयर के निर्देश पर परिजनों को हर संभव सहायता दिलाने और कंपनी से बातचीत कर उचित मुआवजा सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया।

जमीन कारोबारी का अपहरण कर मारपीट जबरन कराए गए साइन

JAMSHEDPUR : जमशेदपुर के एमजीएम थाना क्षेत्र से जमीन कारोबारी के अपहरण और बेरहमी से मारपीट का सनसनीखेज मामला सामने आया है। बड़ाबांकी पिपला निवासी जमीन कारोबारी लालटू महतो को उनके ही परिचितों ने रुपये के विवाद में निशाना बनाया। आरोप है कि अपहरण के बाद उन्हें पूरी रात प्रताड़ित किया गया और जबरन 6 लाख रुपये के मनी रिसीप्ट पर हस्ताक्षर करा लिए गए।? मंगलवार को पुलिस मामले की जांच कर रही है। पीड़ित लालटू महतो के अनुसार, 20 मार्च की रात करीब साढ़े 9 बजे वे भारत पेट्रोलियम, चांदनी चौक के पास अपने परिचित अमितोष महतो उर्फ धनु के साथ खड़े थे। तभी गोलकाटा निवासी संतोष कर्मकार दो अन्य लोगों के साथ वहां पहुंचा और दोनों के साथ मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद आरोपियों ने उन्हें जबरन कार में बैठाया और पारडीह स्थित बिग बाजार के पास विजय शर्मा के पास ले गए। लालटू का आरोप है कि वहां विजय शर्मा और उसके ड्राइवर ने भी उनके साथ मारपीट की। इसके बाद उन्हें एक घर में ले जाकर पूरी रात लात-घूंसों से पीटा गया। इस दौरान आरोपियों ने दबाव बनाकर 6 लाख रुपये के पांच मनी रिसीट पर जबरन हस्ताक्षर कराए।

गिरिडीह में युवक को लगी गोली, आरोपी गिरफ्तार

GIRIDIH : जिले के गांडेय थाना इलाके के झरघट्टा में गोली लगने से घायल हुए युवक के मामले का खुलासा हुआ है। पुलिस ने इस मामले में गोली चलाने के आरोपित को गिरफ्तार कर कर उसके पास से 7.65 एमएम के पिस्टल बरामद किया है। बताया गया कि जिस युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है, वह घायल टिंकू मरीक का दोस्त है । गिरफ्तार युवक ने घटना की विस्तृत जानकारी भी पुलिस को दी है। उल्लेखनीय है कि सोमवार देर शाम गांडेय थाना इलाके के झरघट्टा में गोली चली थी जिसमें मुफस्सिल थाना इलाके के जामाबाद निवासी टिंकू मरीक के पेट में गोली लगी थी । गोली लगाने के बाद घायल युवक को सदर अस्पताल लाया गया, जहां से उसे बेहतर इलाज के लिए धनबाद रेफर कर दिया गया । इस संबंध में मंगलवार को एसडीपीओ जीत बाहान ऊरांव ने कहा कि टिंकू मरीक को गोली लगने के मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया था। पुलिस की पूछताछ के दौरान आरोपित ने बताया कि टिंकू ही पिस्टल लेकर आया था। उसी पिस्टल को वह चेक कर रहा था। इसी दौरान फायर होने से गोली टिंकू के पेट में जा लगी। पूछताछ में गिरफ्तार युवक ने यह भी बताया कि उसने पिस्टल दुखिया महादेव के पास जमीन के नीचे गाड़ कर रखा था इसके बाद पुलिस ने पिस्टल बरामद कर लिया ।

गैस एजेंसी संचालक की कार पर अपराधियों ने की फायरिंग

KHUNTI : तोरपा थाना के क्षेत्र हिल चौक नगर भवन के पास सोमवार की देर रात अज्ञात अपराधियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर इलाके में दहशत फैला दी। घटना देर रात की बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार, बाइक पर सवार तीन अज्ञात अपराधी मां दुर्गा गैस एजेंसी के मालिक नरेंद्र साहू के घर के सामने पहुंचे और उनकी कार पर अंधाधुंध गोलियां चला दीं। अपराधियों ने विशेष रूप से नागेंद्र साहू की महिंद्रा कंपनी की कार(जेएच 19 एफ 5050) को निशाना बनाया। घटना की सूचना मिलते ही तोरपा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल से चार खोखा बरामद किए हैं। फिलहाल पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और इलाके में

घटनास्थल पर पहुंची पुलिस

लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच भी की जा रही है, ताकि अपराधियों की पहचान की जा सके। इस घटना के बाद इलाके में भय का माहौल है और लोग सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंतित हैं। इस संबंध में तोरपा के थाना प्रभारी मुकेश कुमार यादव ने मंगलवार को बताया कि जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। वैसे कुछ लोग इस घटना को गैस वितरण से भी जोड़कर देख रहे हैं, लेकिन यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि कार पर फायरिंग की मंशा क्या थी।

महुआ चुनने गई महिला को टांगी से काटकर उतार दिया मौत के घाट

CHATRA : चतरा जिला के सदर थाना क्षेत्र में महुआ चुनने गई एक महिला को अपराधियों ने टांगी से काटकर मौत के घाट उतार दिया।
मृतका की पहचान शहर के किशुनपुर मोहल्ला निवासी शीतल यादव की पत्नी गीता देवी (50) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, सोमवार को दोपहर लगभग 3 बजे गीता देवी घर से जंगल की ओर महुआ चुनने के लिए निकली थी। देर शाम तक जब वह घर वापस नहीं लौटी, तो परिजनों को अनहोनी की आशंका हुई। चिंतित परिजन रात में ही उसकी तलाश में जंगल की ओर निकले। काफी खोजबीन के बाद रात करीब 1 बजे महिला का शव जंगल में महुआ पेड़ के नीचे पड़ा मिला। शव पर टांगी से किए गए कई गहरे वार के निशान मिले हैं।
घटना की सूचना मिलते ही पुलिस पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है और हत्या के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

ड्यूटी के दौरान रेलकर्मी की मालगाड़ी से कटकर हुई मौत

PHOTON NEWS KODERMA :
कोडरमा-धनबाद रेलखंड के हीरोडीह स्टेशन पर सोमवार शाम को एक रेलकर्मी की मौत हो गई। मृतक की पहचान बिहार के गया जिले के जलालपुर निवासी मनोज कुमार (51) के रूप में की गई है। वे धनबाद रेल मंडल में सीनियर ट्रेन मैनेजर के पद पर कार्यरत थे और वर्तमान में अपने परिवार के साथ झुमरीतिलैया के गांधी स्कूल रोड में रह रहे थे।
जानकारी के अनुसार, मनोज कुमार सोमवार को ड्यूटी के सिलसिले में कोडरमा से हीरोडीह स्टेशन पहुंचे थे। यहां से उन्हें कोयले से लदी एक रैक लेकर बाझेडीह पावर प्लांट के लिए रवाना होना था। ड्यूटी शुरू करने से पहले वे स्टेशन परिसर में कॉशन आर्डर (सावधानी आदेश)

मनोज कुमार की फाइल फोटो

लेने गए थे। बताया जाता है कि आदेश लेकर वापस लौटते समय वे अपनी गाड़ी की ओर जाने के लिए रेलवे ट्रैक पार कर रहे थे। हीरोडीह स्टेशन पर प्लेटफॉर्म की ऊंचाई कम होने के कारण कर्मचारी अक्सर ट्रैक पार कर ही आवागमन करते हैं। इसी दौरान वे लूप लाइन से गुजर रही एक मालगाड़ी की चपेट में आ गए। अचानक आई ट्रेन पर उनकी नजर नहीं पड़ी और वे गंभीर रूप से घायल होकर वहीं गिर पड़े। घटना के बाद उन्हें उसी मालगाड़ी के माध्यम से कोडरमा स्टेशन लाया गया, जहां से तत्काल रेलवे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।
इसके बाद शव को कोडरमा स्टेशन स्थित जीआरपी पोस्ट लाया गया। सूचना मिलते ही मृतक के परिजन स्टेशन पहुंचे। शव देखते ही परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया और पूरे माहौल में गम का माहौल छा गया। देर रात शव को सदर अस्पताल कोडरमा भेज दिया गया, जहां सोमवार को पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कर शव स्वजनों को सौंपा जाएगा। घटना के बाद रेलवे विभाग में भी शोक व्याप्त है।

कार्रवाई जिला परिवहन विभाग ने एक साल में सस्पेंड किए 5 हजार ड्राइविंग लाइसेंस

ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन के आंकड़ों से हर कोई हैरान

PHOTON NEWS DEOGHAR :
आमतौर पर सड़क हादसों को कम करने के लिए ट्रैफिक और परिवहन विभाग कार्रवाई करता है, लेकिन जब इनके मामलों की फेहरिस्त लंबी होती चली गई तो विभाग भी हैरान रह गया। जिला परिवहन विभाग ने ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन को लेकर एक साल में 5 हजार ड्राइविंग लाइसेंस सस्पेंड कर दिए, लेकिन इसके बावजूद यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों में कमी नहीं आ रही है।
देवघर के जिला परिवहन पदाधिकारी शैलेश प्रियदर्शी ने बताया कि लाइसेंस सस्पेंड करने की प्रक्रिया इसलिए की जाती है, ताकि लोग ट्रैफिक नियमों का गंभीरता से पालन करें और विभागीय कार्रवाई से डरें, लेकिन यहां लोगों की मानसिकता देखकर परिवहन

प्रतीकात्मक तस्वीर

विभाग भी चिंतित हो गया। अब विभाग ऐसे लोगों के खिलाफ ज्यादा सख्त कदम उठाने पर विचार कर रहा है, जो यातायात नियमों का उल्लंघन कर दूसरों की जान भी खतरे में डालते हैं।

लाइसेंस सस्पेंशन के आंकड़े

अप्रैल 2025	:	821
मई 2025	:	1105
जून 2025	:	157
अगस्त 2025	:	623
सितंबर 2025	:	617
अक्टूबर 2025	:	312
नवंबर 2025	:	176
दिसंबर 2025	:	203
जनवरी 2026	:	225
फरवरी 2026	:	200

सरकार ने वसूले लगभग 30 लाख रुपये

जिला परिवहन विभाग ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों से गत छह माह में करीब 30 लाख रुपये फाइन भी वसूला है। ज्यादातर फाइन हेलमेट व सीट बेल्ट नहीं पहनने और रैश ड्राइविंग सहित अन्य कागजात नहीं रखने पर लिए गए हैं। विभाग ने अक्टूबर 2025 में 2,31,700 रुपये, नवंबर 2025 में 2,07,800 रुपये, दिसंबर 2025 में 4,40,725 रुपये, जनवरी 2026 में 3,60,900 रुपये और फरवरी 2026 में 5,36,300 रुपये वसूला। मार्च में अब तक परिवहन विभाग करीब 14 लाख रुपये वसूल चुका है।

तीन माह तक सस्पेंड रहता है लाइसेंस : डीटीओ

डीटीओ शैलेश प्रियदर्शी ने बताया कि ड्राइविंग लाइसेंस तीन माह तक ही सस्पेंड रहता है। देवघर जिले का आंकड़ा पूरे राज्य में सबसे ज्यादा है। यह सस्पेंशन इसलिए किया जाता है कि ताकि लोग यातायात नियमों के प्रति गंभीर रहें, लेकिन धरातल पर जो दिख रहा है उससे ऐसा लगता है कि यहां के लोगों की मानसिकता में बड़ा बदलाव करने की जरूरत है। इसके लिए समय-समय पर विभाग जागरूकता कार्यक्रम चलाता भी रहता है। इन सबके बावजूद जिला परिवहन विभाग लोगों को जागरूक करने का प्रयास कर रहा है। हमें उम्मीद है कि आने वाले समय में देवघर जिला के निवासियों में ड्राइविंग सेंस दिखेगा। इससे सड़क हादसों में भी कमी आएगी।

कोडरमा-डीडीयू रेलखंड पर 180 किलोमीटर का स्पीड ट्रायल आज

KODERMA : नई दिल्ली-हावड़ा ग्रैंड कॉर्ड सेक्शन पर ट्रेनों की रफ्तार आगामी दिनों में 160 किमी प्रतिघंटा तक बढ़ाने की दिशा में रेलवे ने अपनी तैयारी तेज कर दी है। इसी क्रम में 25 मार्च को कोडरमा-गया रेलखंड पर 180 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से स्पीड ट्रायल किया जाएगा। यह ट्रायल पंडित दीनदयाल उपाध्याय से गया, कोडरमा, पारसनाथ होते हुए धनबाद तक विशेष ट्रेन के माध्यम से किया जाएगा। इस हाईस्पीड ट्रायल में पूर्व मध्य रेलवे हाजीपुर के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह, दोनों मंडलों के डीआरएम समेत कई वरिष्ठ अधिकारी के मौजूद रहने की उम्मीद है। ट्रायल को सफल बनाने के लिए रेलवे प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। आरपीएफ के द्वारा यहां ग्रामीणों को रेल पटरी का आसपास नहीं जाने के लिए जागरूक किया जा रहा है। सोमवार से ही कोडरमा-गया रेलखंड पर पीडब्ल्यूआई और आरपीएफ की टीमों की तैनाती कर दी गई है। रेलवे ने ट्रैक के आसपास रहने वाले लोगों, मवेशी पालकों और पैदल यात्रियों से आरपीएफ अपील कर रही है कि वे ट्रैक पार करने से बचें और सतर्कता बरतें। इससे पहले धनबाद-गया रेलखंड पर एलएचबी कोच और कवच सुरक्षा प्रणाली से लैस इंजन के साथ 160 किमी प्रतिघंटे का ट्रायल हो चुका है।

BRIEF NEWS

रांची स्मार्ट सिटी को राष्ट्रीय स्तर पर हासिल हुआ सम्मान

RANCHI : रांची स्मार्ट सिटी को एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर

पर सम्मानित किया गया है। एग्जीबिशन इंडिया और इंटरनेशनल ट्रेड प्रमोशन ऑर्गनाइजेशन भारत सरकार ने रांची स्मार्ट सिटी को एक्सेलेंस इन स्मार्ट गवर्नेंस एंड अर्बन प्लानिंग के लिए सम्मानित किया है। विशेषकर यह सम्मान एआई आधारित एएनपीआर (ऑटोमैटिक नंबर प्लेट पहचान प्रणाली) और एआई ई-चालान व्यवस्था के सफल संचालन के लिए प्रदान किया गया है। इन तकनीकों की मदद से शहर में ट्रैफिक प्रबंधन और नियम उल्लंघन पर निगरानी को और अधिक प्रभावी बनाया गया है। कार्यक्रम का आयोजन प्रगति मैदान में चल रहे स्मार्ट सिटी एक्सपो में किया गया जहां देश के कई वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी और शहरी विकास क्षेत्र के विशेषज्ञ मौजूद रहे। रांची स्मार्ट सिटी की ओर से महाप्रबंधक तकनीकी राकेश कुमार नंदक्योलियार ने सम्मान प्राप्त किया है।

श्रीराम कथा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

RANCHI : रांची के मोरहाबादी स्थित श्रीश्री 1008 श्री यज्ञ बाबा आश्रम, दुर्गा मंदिर में चैत्र नवरात्र के अवसर पर श्रीराम कथा सह नवचंडी यज्ञ का आयोजन किया गया है। जिसमें भक्ति और आस्था का अद्भुत माहौल देखने को मिल रहा है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा सुनने के लिए पहुंच रहे हैं, जिससे पूरा वातावरण राममय हो गया है। काशी से पधारे कथावाचक पंडित शक्ति तिवारी ने अपने प्रवचन में कहा कि भगवान का सच्चा निवास मनुष्य के हृदय में होता है। उन्होंने रामचरितमानस को जीवन का मार्गदर्शक बताते हुए कहा कि यह ग्रंथ मनुष्य को सही दिशा और जीवन जीने की कला सिखाता है।

महिला बटालियन की अधिकारी को झांसे में लेकर की गई ठगी

RANCHI : साइबर थाना में अंजेला आईंद ने ठगी हो जाने पर केस किया है। जैप टेन में पदस्थापित अंजेला ने पुलिस को बताया कि उन्हें फोन पर एक अज्ञात व्यक्ति ने काल किया और कहा कि गूगल खोलकर देखा जाए कि उनके खाते में हर महीने फोन रिचार्ज का कैशबैक सही तरीके से लौट रहा है या नहीं। आरोपित ने खाते की लिंकिंग की जांच करने का बहाना बनाया। इसके कुछ समय बाद उनके खाते से तीन बार लगातार राशि निकाल ली गई। तीन बार में ठग ने 69 हजार रुपये खाता से निकाल लिया। पुलिस का कहना है कि केस कर दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने 76 मेडिकल ऑफिसरों को दिया नियुक्ति पत्र

- 2029 तक टीबी मुक्त झारखंड बनाने का रखा गया है लक्ष्य
- टीबी चैंपियंस, सहियाओं और विभिन्न गैर-सरकारी संगठनों को किया सम्मानित
- नामकुम स्थित आईपीएच सभागार में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

कहा- टोल फ्री नंबर पर कॉल करने पर उपलब्ध कराया जाएगा खून

मेडिकल ऑफिसरों को नियुक्ति पत्र सौंपते स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी व अन्य ● फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS RANCHI : मंगलवार को वर्ल्ड टीबी डे पर रांची के नामकुम स्थित आईपीएच सभागार में आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने बड़ा एलान किया। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के साथ टीबी उन्मूलन की दिशा में कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की। अंसारी ने 76 नव नियुक्त मेडिकल ऑफिसरों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि 2029 तक झारखंड को टीबी मुक्त राज्य बनाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल टीबी का इलाज करना नहीं, बल्कि इस बीमारी को जड़ से समाप्त करना है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि हमारा विजन है कि 2029 तक झारखंड टीबी मुक्त राज्य बने और इसके लिए हर स्तर पर काम किया जा रहा है। स्वास्थ्य मंत्री ने यह भी घोषणा की कि खून की कमी से जूझ रहे मरीजों के लिए जल्द ही टोल फ्री नंबर के माध्यम से रक्त उपलब्ध कराने की व्यवस्था शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं में व्यापक सुधार हुआ है और अब लोगों का भरोसा सरकारी अस्पतालों पर बढ़ा है। मौके पर टीबी उन्मूलन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले टीबी चैंपियंस, सहियाओं और विभिन्न गैर-सरकारी संगठनों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान राज्य के सभी जिलों के लिए टीबी जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। ये रथ गांव-गांव जाकर लोगों को टीबी के लक्षण, जांच और इलाज के बारे में जागरूक करेगा। साथ ही राज्य में 100 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा। जिसमें जांच, पहचान, उपचार और पोषण सहायता पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

9.5 लाख लोगों की जांच

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने बताया कि वर्ष 2025 में राज्य में लगभग 9.5 लाख लोगों की टीबी जांच की गई थी, जबकि 2026 में 12 लाख जांच का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि डॉक्टरों की संख्या में वृद्धि और आधुनिक मशीनों की उपलब्धता से इस लक्ष्य को हासिल करना संभव होगा। उन्होंने नियुक्ति प्रक्रिया की पारदर्शिता पर भी प्रकाश डालते हुए कहा कि पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन और निष्पक्ष रही है, जिसमें किसी प्रकार की सिफारिश का कोई स्थान नहीं था। नव-नियुक्त डॉक्टरों को उनकी पसंद के अनुसार स्थान दिया गया है और अब उनका स्थानांतरण नहीं किया जाएगा। एनएचएम के अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा ने बताया कि 24 मार्च को राष्ट्रीय यक्ष्मा दिवस इसलिए मनाया जाता है क्योंकि इसी दिन 1882 में टीबी के जीवाणु की खोज हुई थी। स्वास्थ्य मंत्री ने हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदमों की जानकारी देते हुए बताया कि राज्य में नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना तेजी से की जा रही है। उन्होंने कहा कि ब्रांबे में मेडिकल यूनिवर्सिटी की स्थापना की प्रक्रिया अंतिम चरण में है और कुलपति की नियुक्ति भी की जा चुकी है। अप्रैल तक सभी मेडिकल कॉलेजों और सदर अस्पतालों में सीटी स्कैन और एमआरआई की सुविधा उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिससे मरीजों को अत्याधुनिक जांच और इलाज की सुविधा मिल सके।

इक्फाई यूनिवर्सिटी में 292 छात्रों को मिली डिग्री, गवर्नर बोले-

नई जिम्मेदारियों की शुरुआत का प्रतीक है दीक्षांत समारोह

अपने ज्ञान, कौशल और मूल्यों का उपयोग समाज व राष्ट्र के विकास में करें विद्यार्थी

दीक्षांत समारोह में छात्रों को डिग्रियां देते राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार व अन्य ● फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS RANCHI : मंगलवार को रांची के डोरंडा स्थित जैप-1 के शौर्य सभागार में इक्फाई यूनिवर्सिटी का छठा दीक्षांत समारोह संपन्न हुआ। इस दौरान झारखंड के राज्यपाल-सह-कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह में 2025 के कुल 292 छात्रों को डिग्रियां प्रदान की गईं। 8 छात्रों को पीएचडी की उपाधि दी गई। इसके साथ ही 10 गोल्ड मेडलिस्ट और 10 सिल्वर मेडलिस्ट छात्रों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। गोल्ड मेडल प्राप्त करने वालों में अजित कुमार मिश्रा समेत अन्य शामिल रहे। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि दीक्षांत समारोह केवल डिग्री प्राप्त करने का अवसर नहीं, बल्कि जीवन में नए कर्तव्यों और जिम्मेदारियों की शुरूआत का प्रतीक है। राज्यपाल ने छात्रों से आह्वान किया कि वे अपने ज्ञान, कौशल और मूल्यों का उपयोग समाज और राष्ट्र के विकास में करें। उन्होंने वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि निजी विश्वविद्यालयों की भूमिका इसमें अहम है। उन्होंने अपेक्षा जताई कि सभी निजी संस्थान यूजीसी और सरकार के मानकों के अनुरूप रोजगारोन्मुख और मूल्य-आधारित शिक्षा प्रदान करें।

शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान अर्जन नहीं

राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान अर्जन नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करना भी है। उन्होंने छात्रों को ईमानदारी, परिश्रम और सकारात्मक सोच के साथ जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। 'विकसित भारत' के संकल्प का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यह 140 करोड़ देशवासियों का सामूहिक लक्ष्य है, जिसे साकार करने में युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। समारोह के दौरान विश्वविद्यालय परिसर में उत्साह और गर्व का माहौल देखने को मिला। राज्यपाल ने कहा कि हमारा देश सदैव से विश्व को मानवता, सह-अस्तित्व एवं वसुधैव कुटुंबकम का संदेश देता आया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि युवा अपनी ऊर्जा, प्रतिभा एवं नवाचार के बल पर राष्ट्र को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे। राज्यपाल ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सफलता हेतु शुभकामनाएं दीं।

महिला सुपरवाइजरों की नियुक्ति पर लगी रोक हाईकोर्ट ने हटाई, एकल पीठ को भेजा वापस

PHOTON NEWS RANCHI : मंगलवार को झारखंड हाईकोर्ट में चीफ जस्टिस एमएस सोनक एवं जस्टिस राजेश शंकर की खंडपीठ ने कहा कि महिला सुपरवाइजर की नियुक्ति का मामला 100 प्रतिशत सीट आरक्षित होने का मामला नहीं है। कोर्ट ने मामले को वापस सुनवाई के लिए हाईकोर्ट की एकल पीठ में भेज दिया है। खंडपीठ ने मामले में नियुक्ति पर लगी रोक हटा ली। कहा कि इस रिट पिटीशन के अंतिम निर्णय से महिला सुपरवाइजर की नियुक्ति प्रभावित होगी। कोर्ट ने इसे स्वतः संज्ञान लेने का मामला नहीं माना है। गौरतलब है कि चीफ जस्टिस एमएस सोनक एवं जस्टिस राजेश शंकर की खंडपीठ ने 100 प्रतिशत महिलाओं के लिए सीट आरक्षित होने या ना होने के बिंदु पर हाईकोर्ट में सुनवाई पूरी होने के बाद अपना आदेश सुरक्षित रखा था। खंडपीठ ने महिला सुपरवाइजरों की नियुक्ति मामले में आकांक्षा कुमारी सहित अन्य अभ्यर्थियों की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई की थी। मामले में राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन ने पक्ष रखा था। दरअसल, मामले में हाईकोर्ट के जस्टिस आनंदा सेन की अदालत ने इस मामले को सक्षम हाईकोर्ट की खंडपीठ में भेजने का निर्देश दिया था।

मारपीट मामले में सीबीआई जांच के आदेश को राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दी चुनौती

राज्य सरकार ने एनफोर्समेंट डायरेक्टरेट यानी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) अफसरों पर लगे मारपीट के आरोपों की जांच सीबीआई से कराने के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। हालांकि मामले की सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट ने अभी कोई तिथि निर्धारित नहीं की है। उल्लेखनीय है कि पेयजल घोटाले के अभियुक्त संतोष कुमार ने जनवरी 2026 में एयरपोर्ट थाने में ईडी के दो अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसमें ईडी के अधिकारी प्रतीक और शुभम पर जान से मारने की नीयत से उसके साथ मारपीट करने सहित अन्य आरोप लगाए गए थे। ईडी ने हाईकोर्ट में एक याचिका दायर कर संतोष कुमार द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी की जांच सीबीआई से कारने की मांग की थी। इस बीच पुलिस ने मामले की जांच के लिए ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय की घेराबंदी कर ली थी। ईडी की याचिका पर सुनवाई के दौरान न्यायालय ने ईडी के कार्यालय की सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी रांची के एसएसपी पर सौंपी थी। साथ ही यह भी कहा था कि अगर किसी तरह की कोई घटना होती है, तो इसके लिए एसएसपी जिम्मेवार माने जाएंगे।

डॉक्टर का नंबर लगाने के चक्कर में 1 लाख 41 हजार रुपये की ठगी

RANCHI : साइबर थाना में राकेश कुमार ने एक लाख 41 हजार रुपये की ठगी हो जाने पर केस किया है। राकेश ने पुलिस को बताया कि उन्होंने गूगल से डॉक्टर डीपी एन सिह का नंबर प्राप्त किया और व्हाट्सएप के जरिए एक एप डाउनलोड किया। एप डाउनलोड करते ही उनके मोबाइल नंबर हैक हो गए। पीड़ित ने बताया कि उनके दो मोबाइल नंबरों से फोन पे के माध्यम से तीन बार में कुल 1 लाख 41 हजार रुपये की आनलाइन निकासी की गई। पुलिस का कहना है के केस कर दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

चैती छठ के दौरान मंगलवार को व्रतियों ने अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया। राजधानी के विभिन्न घाटों पर दोपहर बाद से ही छठव्रती पहुंचने लगे थे, जहां पर अर्घ्य को लेकर पूरी तैयारी की गई थी। साफ-सफाई से लेकर लाइट के भी इंतजाम किए गए थे, ताकि घाट पर श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न हो। बुधवार को सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य के साथ चार दिनों तक चलने वाले चैती छठ महापर्व का समापन हो जाएगा।

नामकुम स्टेशन पर 22 बोतल शराब के साथ युवक अरेस्ट, बिहार में खपाने की थी तैयारी

जानकारी देते पुलिस पदाधिकारी

PHOTON NEWS RANCHI : रांची रेल मंडल में आरपीएफ को ऑपरेशन सतर्क के तहत चलाए जा रहे चेकिंग अभियान में सफलता मिली। कमांडेंट पवन कुमार के निर्देश पर सोमवार को आरपीएफ पोस्ट रांची और फ्लाइंग टीम ने नामकुम रेलवे स्टेशन पर संदिग्ध वस्तुओं की जांच के दौरान एक युवक को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया। वह शराब बिहार ले जाकर बेचने की तैयारी में था। इंस्पेक्टर शिशुपाल कुमार ने बताया कि चेकिंग के दौरान प्लेटफॉर्म एक पर एक युवक काले-ग्रे पिट्ठू बैग के साथ संदिग्ध स्थिति में खड़ा मिला। पूछताछ में उसने अपना नाम अमन कुमार समस्तीपुर बिहार बताया। तलाशी लेने पर उसके बैग से 22 बोतल अवैध शराब बरामद हुई, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 6900 रुपये है। पूछताछ में उसने बताया कि वह नामकुम से शराब खरीदकर ट्रेन संख्या 15027 सम्बलपुर-गोरखपुर एक्सप्रेस से बिहार ले जाकर अधिक दाम में बेचने की योजना बना रहा था। दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाने पर आरपीएफ ने शराब जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। मंगलवार को आरोपी और जब्त शराब को आगे की कार्रवाई के लिए आबकारी विभाग रांची को सौंप दिया गया। इस कार्रवाई में इंस्पेक्टर शिशुपाल कुमार, एएसआई अनिल कुमार और स्टाफ संजय कुमार की भूमिका रही।

हिंदपीढ़ी में नाला निर्माण का अधिकारियों ने किया निरीक्षण, डीआरएमटी के अभियान से बढ़ा राजस्व

- मौलाना आजाद कॉलोनी में करीब 2850 फीट लंबे बड़े नाले का कराया जा रहा निर्माण
- होटल शिवानी इंटरनेशनल, रेनड्यू, एक्सआईएसएस, जीईएल मिशन सहित कई प्रतिष्ठानों से वसूला टैक्स

हिंदपीढ़ी में नाला निर्माण का निरीक्षण करते अधिकारी ● फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS RANCHI : रांची नगर निगम शहर को जलजमाव मुक्त, सुव्यवस्थित और स्वच्छ बनाने के लिए एक साथ कई मोर्चे पर काम कर रहा है। कई जगहों पर विकास कार्य चल रहे है तो कहीं टीम के सहयोग से निगम का राजस्व बढ़ रहा है। इसके अलावा नगर निगम की टीम कई कार्य कर रही है, जिससे कि राजधानी के लोगों को राहत मिले सके। शहर में वार्ड 23 के हिंदपीढ़ी क्षेत्र में बड़े नाले का निर्माण कार्य प्रगति पर है। वहीं डेडिकेटेड रोड मैनेजमेंट टीम के विशेष अभियान से नगर निगम के राजस्व संग्रहण में वृद्धि दर्ज की गई है। हिंदपीढ़ी के नाला रोड, मौलाना आजाद कॉलोनी क्षेत्र में करीब 2850 फीट लंबे बड़े नाले का निर्माण किया जा रहा है। इसके अलावा जलजमाव वाले मार्ग में 600 फीट नाली निर्माण को भी इस परियोजना में शामिल किया गया है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य गुरुनानक स्कूल और लोअर पीपी कंपाउंड के सामने हर साल होने वाली जलजमाव की समस्या का स्थायी समाधान करना है।

सतर्कता रामनवमी को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट, अधिकारियों को कई निर्देश

जुलूस मार्ग और मंदिरों का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

तैयारियों का जायजा लेते उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री व अन्य ● फोटोन न्यूज

यातायात प्रबंधन दुरुस्त रखने के निर्देश

जुलूस मार्गों का निरीक्षण करते हुए उन्होंने विशेष रूप से रास्तों को सुगम बनाने, बैरिकेडिंग करने और यातायात प्रबंधन को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रामनवमी के अवसर पर रांची में निकलने वाली शोभायात्रा ऐतिहासिक और भव्य होती है, इसलिए सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाएगी। सेंट्रल मुहर्रम कमिटी और सर्वधर्म सद्भावना समिति के सदस्यों ने भी प्रशासन को सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि रामनवमी पर्व को आपसी भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया जाएगा और जुलूस का स्वागत किया जाएगा।

PHOTON NEWS RANCHI : रांची में रामनवमी पर्व को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से सतर्क और एक्टिव मोड में नजर आ रहा है। उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने मंगलवार को शहर के विभिन्न शहरी क्षेत्रों का दौरा कर विधि-व्यवस्था और तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उनके साथ कई वरीय प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी भी मौजूद रहे। उपायुक्त ने शहर के प्रमुख जुलूस मार्गों और धार्मिक स्थलों तपोवन मंदिर, महावीर चौक, मेडिकल चौक मंदिर, डोरंडा क्षेत्र के मंदिर और विभिन्न अखाड़ों के मार्गों की व्यवस्था देखी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि रामनवमी जुलूस के दौरान श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए जरूरी इंतजाम सुनिश्चित की जाएं। उपायुक्त ने मंदिर समितियों के सदस्यों से बातचीत कर बिजली, पेयजल, साफ-सफाई, सीसीटीवी निगरानी और आवागमन की सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने आश्वासन दिया कि जिला प्रशासन हर संभव सहयोग उपलब्ध कराएगा। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए मैजिस्ट्रेट और पुलिस बलों की तैनाती पूरे जिले में की गई है।

मोबाइल हैक कर ₹2 लाख 94 हजार की ठगी

RANCHI : साइबर थाना में उमेश कुमार ने ठगी हो जाने पर केस किया है। उमेश कुमार ने पुलिस को बताया कि मोबाइल हैक कर बैंक आफ इंडिया और कोटक महिंद्रा बैंक से 2 लाख 94 हजार रुपये की ठगी की गई। पीड़ित उमेश कुमार का कहना है कि अज्ञात व्यक्ति ने एयर इंडिया का कर्मचारी होने का दावा कर उनसे व्यक्तिगत जानकारी और बैंक संबंधी डेटा हासिल किया। पीड़ित ने कहा कि ठग ने उन्हें एयर इंडिया का मेंबरशिप दिलाने के लिए 10 रुपये का क्यूआर कोड स्कैन करने के लिए कहा। इसके बाद उनका मोबाइल हैक कर बैंक खातों से छह बार नकदी निकासी की गई। बैंक आफ इंडिया मेन रोड से 99 हजार रुपये और कोटक महिंद्रा बैंक से 1 लाख 95 हजार रुपये की ठगी हुई।

पिठोरिया में बिजली ग्रिड से 1000 किलो कॉपर कॉइल चोरी, जांच में जुटी पुलिस

PHOTON NEWS RANCHI : राजधानी रांची के पिठोरिया थाना क्षेत्र में स्थित कांन्दू इलाके के बिजली ग्रिड को चोरों ने निशाना बनाते हुए एक बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। मंगलवार तड़के करीब तीन बजे अज्ञात चोर ग्रिड परिसर में घुस गए और वहां से लगभग एक हजार किलोग्राम कॉपर कॉइल चोरी कर फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) अमर कुमार पांडे, इंस्पेक्टर असित मोदी और थाना प्रभारी सतीश पांडे मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया।
पुलिस ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी है और आसपास के क्षेत्रों में छानबीन की जा रही है। साथ ही चोरों के सुराग के लिए डॉग स्क्वायड की भी मदद ली जा रही है। प्रारंभिक जांच में यह आशंका जताई जा रही है कि चोरी की घटना को योजनाबद्ध तरीके से अंजाम दिया गया है, क्योंकि इतनी बड़ी मात्रा में कॉपर कॉइल को ले जाना आसान नहीं है। डीएसपी अमर कुमार पांडे ने बताया कि पूरे मामले की गहन जांच की जा रही है और जल्द ही इस घटना में शामिल अपराधियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

सोनारी में फ्रिज हुआ ब्लास्ट घर में लगी आग, बच गई जान

धमाके की आवाज से दहल गए पड़ोसी, देखते ही देखते जुट गए सैकड़ों लोग

PHOTON NEWS JSR : सोनारी के वेस्ट लेआउट में सी. रोड स्थित एक घर में मंगलवार को बड़ा हादसा हो गया। घर में रखे फ्रिज में हुए ब्लास्ट से घर में आग लग गई, जिससे घर में रखे सामान पूरी तरह जल गए। धमाके की आवाज से आसपास के लोग सहम गए। आग लगने के बाद घर वालों ने शोर मचाना शुरू किया, जिससे वहां कॉलोनी के लोगों की भीड़ लग गई। इसी बीच लोगों ने घर के लोगों की जान बचाई। उन्हें खिड़की के रास्ते बाहर निकाला गया। इससे पहले पड़ोसियों ने पहले झारखंड सरकार की अग्निशमन विभाग, फिर टाटा स्टील और गेल को फोन किया। सबसे पहले गेल की छोटी दमकल वहां पहुंची, फिर टाटा स्टील और अंत में झारखंड सरकार की दमकल पहुंची। पहले आए दमकलों ने ही पानी की बौछार से आग पर काबू पा लिया था। लेकिन, तब तक घर का सारा सामान जलकर खाक हो चुका था। जानकारी के अनुसार, घटना दोपहर करीब 12 बजे की है। पड़ोसी ने बताया कि उस घर में मां-बेटी किराए पर रहती हैं। मां तोपा घोष सुबह अपने काम पर चली गई थी, जबकि बेटी घर पर ही थी। कुछ दिन पहले ही इन्होंने कहीं से सेकेंडहैंड फ्रिज खरीदा था। उसी में शॉर्ट सर्किट होने की बात सामने आ रही है। पड़ोसियों ने बताया कि बिजली के शॉर्ट सर्किट और गैस के कारण आग ने विकराल रूप ले लिया था। देखते ही देखते पूरा कमरा धू-धू कर जलने लगा।

आग लगने के बाद सीढ़ी के ग्रिल से पीड़ित को उतारते लोग ● फोटोन न्यूज

पुलिस कर रही मामले की जांच

घटना की सूचना मिलने पर सोनारी थाना की पुलिस भी पहुंची। पुलिस और अग्निशमन विभाग की तकनीकी टीम यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि फ्रिज में ब्लास्ट तकनीकी खराबी के कारण हुआ या इसके पीछे शॉर्ट सर्किट ही कारण था।

खिड़की से कूदकर बचाई जान, लाखों का नुकसान

आग लगने के बाद घर के भीतर धुएं का गुबार भर गया, जिससे बाहर निकलने का मुख्य रास्ता बंद हो गया। स्थिति को भांपते हुए घर के सदस्यों ने जान बचाने के लिए खिड़कियों का सहारा लिया और नीचे कूद गए। खुशकिस्मती रही कि इस दौरान किसी को गंभीर चोट नहीं आई। स्थानीय लोगों ने अपने स्तर पर आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन आग बेकाबू हो चुकी थी। सूचना मिलने के करीब आधे घंटे बाद दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची, जिससे लोगों में थोड़ा आक्रोश भी देखा गया। दमकलकर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक घर में रखे कीमती सामान, फर्नीचर और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जलकर खाक हो चुके थे। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार लाखों रुपये की संपत्ति का नुकसान हुआ है।

मानगो में स्वर्णरेखा नदी घाट पर जुटे श्रद्धालु ● फोटोन न्यूज

चैती छठ पर अस्ताचलगामी सूर्य को दिया अर्घ्य, घाटों पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

PHOTON NEWS JSR : सूर्यदेव की उपासना का महापर्व चैती छठ शहर समेत पूरे कोल्हान में धूमधाम से मनाया जा रहा है। मंगलवार को दोपहर बाद से ही स्वर्णरेखा व खरकई नदी घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़नी शुरू हो गई थी। सबसे ज्यादा भीड़ स्वर्णरेखा नदी के साकची व दोमुहानी घाट पर हुई। यहां अस्ताचलगामी सूर्य देव को अर्घ्य अर्पित किया गया। इसी तरह सिदगोड़ा के सूर्य मंदिर परिसर में डूबते सूर्य को अर्घ्य देने के लिए श्रद्धालु उमड़े थे। कई लोगों ने घर पर ही कृत्रिम घाट बनाकर सूर्य भगवान की आराधना की। नदी घाटों पर महिला-पुरुष व्रतियों ने सूप, दउरा में मौसमी फल, ठेकुआ सहित अन्य पूजन सामग्री के साथ सूर्य देव की आराधना की। इस दौरान महिलाएं छठ के गीत गा रही थीं। अब बुधवार को उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ ही चारदिवसीय इस पर्व का समापन हो जाएगा। कार्तिक मास में छठ पर्व बड़े पैमाने पर मनाया जाता है, लेकिन चैत माह में मनाए जाने वाले छठ को ज्यादा कठिन माना जाता है।

चक्रधरपुर में पुराना बस्ती घाट पर जुटे लोग

CHAIBASA : सूर्य उपासना के पर्व चैती छठ के तीसरे दिन मंगलवार को सैकड़ों श्रद्धालु चाईबासा और चक्रधरपुर में नदी घाट पहुंचे और अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया। चाईबासा के रो-रो नदी घाट, करणी मंदिर घाट, कुम्हार टोली छठ घाट और चक्रधरपुर की पुरानी बस्ती सीढ़ी घाट और मुक्तिनाथ धाम घाट पर श्रद्धालु पहुंचे। सिर पर सूप और दउरा ढोकर श्रद्धालु नदी घाट पहुंचे। नदी किनारे सूप रखने के बाद पूजा-अर्चना की। वहीं व्रतियों ने पानी में डुबकी लगाने के बाद अर्घ्य दिया। इसके पहले व्रतियों ने सोमवार की शाम भगवान भास्कर की अराधना की और खरना किया था। खरना के साथ ही व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू हो गया था। पर्व के चौथे और अंतिम दिन यानी बुधवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद व्रत संपन्न हो जाएगा। इसके बाद व्रती अन्न-जल ग्रहण कर पारण करेंगे।

समाचार सार

चक्रधरपुर के बड़ा काली मंदिर में हुआ सत्संग

CHAIBASA : पश्चिमी सिंहभूम जिले के चक्रधरपुर स्थित बड़ा काली मंदिर में माता वैष्णो सत्संग समिति द्वारा चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर इस वर्ष भी भजन-कीर्तन व सत्संग हो रहा है। समिति की महिलाएं लगभग 30 वर्षों से दोनों नवरात्र में 9 दिनों तक अलग-अलग स्थानों पर माता रानी के भजन-कीर्तन करती हैं। सत्संग में समिति की सविता चुंग, कंचन छाबड़ा, गीता सलूजा, रोजी सलूजा, सुदेश रानी सलूजा, संतोष आजमानी, रिया आजमानी, महेंद्र कौर छाबड़ा, रिशु केजरीवाल, शरण कौर, निशा केजरीवाल, शालू अग्रवाल, राजरानी सलूजा, कांता भट्टर, कमलेश छाबड़ा, सुलभा शिंदे, मंजू मिश्रा, डिप्पी कौर, संगीता शाह, संगीता साव, प्रीति पांडे व अलका पांडे सक्रिय रहीं।

आईसीसी कंपनी के स्कूल को दोबारा खोलने की तैयारी

GHATSILA : आईसीसी (इंडियन कॉपर काम्प्लेक्स) के बंद पड़े स्कूल को दोबारा खोलने की तैयारी शुरू हो गई है। इसे लेकर मंगलवार को अनुमंडल कार्यालय में बैठक हुई। इसमें कंपनी के अधिकारी कमलेश कुमार, अर्जुन लोहार, साकेत सिन्हा आदि ने कहा कि आईसीसी प्रबंधन स्कूल की 1.8 एकड़ जमीन राज्य सरकार को देने के लिए तैयार है। राज्य सरकार स्कूल की जमीन के लिए आवेदन करेगी, तो इसकी प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। विधायक सोमेश चंद्र सोरेन ने कहा कि जल्द ही आईसीसी स्कूल की जमीन की मांग सरकार की ओर से कंपनी को भेजी जाएगी। प्रयास रहेगा कि इसी वर्ष स्कूल चालू कर दिया जाए। यहां बता दें कि 2002 में आईसीसी प्रबंधन ने इस स्कूल को बंद कर दिया था। स्कूल के शिक्षक किसी तरह 2012 तक स्कूल को संचालित करते रहे, लेकिन वेतन नहीं मिलने के कारण परिवार चलाना मुश्किल होने लगा तो शिक्षकों ने पूर्ण रूप से 2012 में बंद कर दिया। इस स्कूल में 22 कमरे हैं। विधायक की पहल पर स्कूल खोलने की संभावना तलाशी जा रही है। इस बैठक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजीत कुमार कुजूर, अंचल अधिकारी निशांत अंबर, बीईओ तेजेंद्र कौर, जगदीश भगत, काजल डॉन, इंदल पासवान, कार्यपालक दंडाधिकारी नित निखिल सुरीन एवं अन्य उपस्थित थे।

टेल्को में निर्माणाधीन बिल्डिंग से गिरकर मजदूर की मौत

JAMSHEDPUR : टेल्को कॉलोनी क्षेत्र में निर्माण कार्य के दौरान एक मजदूर की ऊंचाई से गिरने के कारण मौत हो गई। यह निर्माण कार्य टाटा मोटर्स के लिए टाटा स्टील यूआईएसएल की ओर से कराया जा रहा था। गौरतलब है कि टेल्को कॉलोनी के एन-49 स्थित निमार्णाधीन बिल्डिंग में काम के दौरान सरायकेला-खरसावां जिले के खरसावां निवासी मानकी गोप अचानक गिर पड़ा। घटना के बाद घायल मजदूर को तत्काल टिनप्लेट अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे एमजीएम अस्पताल रेफर कर दिया गया। एमजीएम अस्पताल में डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

आंध्रप्रदेश में भटक रहे मजदूर को लाया गया घर, डालसा की पहल

PHOTON NEWS CHAIBASA : झींकपानी प्रखंड अंतर्गत जोड़ापोखर पंचायत निवासी विक्रम मुंडा मजदूरी के लिए गुजरात गया था। उसे डालसा की पहल पर घर लाया गया। मजदूर ने बताया कि दो दिन काम करने के बाद वह गुजरात से घर लौटने लगा, तो रास्ता भटक गया। पांच दिन पैदल चलने के बाद आंध्रप्रदेश के आंगोल पहुंच गया। उसने किसी तरह अपने परिवार को फोन कर स्थिति से अवगत कराया। परिजनों ने इसकी जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यालय को दी। यहां प्राधिकार के सचिव रवि चौधरी ने एसपी को सूचना दी। 17 मार्च को वह दक्षिण भारत के आंगोल रेलवे स्टेशन पहुंचा। वहां उसके होने की सूचना पर आरपीएफ इंस्पेक्टर राकेश मोहन ने रेलवे स्टेशन के अधीक्षक से संपर्क किया और गांव की ही एक महिला सुशांति मुंडा को वहां भेजा गया। आवश्यक कागजी कार्रवाई करते हुए सब घर लौटे। प्राधिकार ने पीड़ित के सकुशल वापसी के बाद उसे विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए संबंधित विभाग को सूचित किया है। पीड़ित की वापसी में जिले के श्रम अधीक्षक और प्रवासी सेल रांची का भी सहयोग मिला। पूरी प्रक्रिया में झींकपानी के समाजसेवी जितेंद्र गोप और पीएलवी रेणु देवी ने उल्लेखनीय भूमिका निभाई। प्राधिकार के सचिव ने इस मौके पर कहा कि यदि कोई व्यक्ति किसी परिस्थिति में मजदूरी के लिए बाहर जाता है, तो अपना रजिस्ट्रेशन श्रम विभाग में करा कर ही जाए। इससे प्रवास के दौरान या वापसी पर सरकारी प्रावधानों का लाभ मिल सकेगा।

मजदूर के साथ डालसा के पदाधिकारी ● फोटोन न्यूज

नेशनल संताली फिल्म अवार्ड की बनी रूपरेखा

JAMSHEDPUR : रास्का की बैठक मंगलवार को करनडीह स्थित दिशोम जाहेर में हुई, जिसकी अध्यक्षता रास्का के निदेशक डॉ. रबिन्द्र नाथ मुर्मू ने की। बैठक में निर्णय लिया गया कि 14वां नेशनल संताली फिल्म अवार्ड का आयोजन 1 मई से 9 मई तक जमशेदपुर में किया जाएगा। 1 मई से 4 मई तक फिल्मों की जूरी स्क्रीनिंग दिशोम जाहेर, करनडीह में होगी। 5 मई को बिष्टुपुर स्थित माइकल जॉन ऑडिटोरियम में पब्लिक स्क्रीनिंग होगी, जबकि 9 मई को यहीं रंगारंग पुरस्कार वितरण समारोह होगा। डॉ. रबिन्द्र मुर्मू ने बताया कि 1 मई को गुरु गोमके पं. रघुनाथ मुर्मू का जन्म दिवस है। 5 मई को रास्का का स्थापना दिवस है। फिल्मों की एंट्री 1 अप्रैल से 25 अप्रैल तक स्वीकार की जाएगी। इस समारोह में केवल संताली फीचर फिल्मों की ही एंट्री ली जाएगी। एंट्री से संबंधित अधिक जानकारी के लिए रास्का के निदेशक शंकर हेम्ब्रोम से मोबाइल नंबर 8521024442 पर संपर्क किया जा सकता है। बैठक में शंकर हेम्ब्रोम, मानसिंह माझी, सागेन हांसदा, गणेश हांसदा, जय टुडू, जातान कालिंदी, दीपक हांसदा, मिर्जा मुर्मू तथा सालखान हेम्ब्रोम सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

हाथी के हमलों से त्रस्त ग्रामीणों ने डीएफओ ऑफिस पर दिया धरना

डीएफओ ऑफिस के बाहर नारेबाजी करते लोग ● फोटोन न्यूज

CHAIBASA : पश्चिमी सिंहभूम जिले के विभिन्न प्रखंडों में हाथियों ने 1 जनवरी से अब तक 23 लोगों की जान ले ली है। लगातार हो रहे हाथियों के हमलों से त्रस्त ग्रामीणों ने मंगलवार को डीएफओ ऑफिस के समक्ष धरना दिया। झारखंड बचाओ संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष जिला परिषद सदस्य माधव चंद्र कुंकल ने कहा कि हाथियों के हमले का सिलसिला थम ही नहीं रहा है। अब भी हाथी झींकपानी और टोन्टो प्रखंड के इर्द-गिर्द घूम रहा है। वन विभाग हाथियों को सुरक्षित निकाल पाने में पूरी तरह विफल है। हाथियों को बेहोश करने के लिए हमारे जिले में ट्रैंकुलाइजर गन नहीं है। उन्होंने वन विभाग के मुख्य सचिव, प्रधान मुख्य वन संरक्षक व डीसी के नाम मांगपत्र सौंपा। कुंकल ने कहा कि यदि वन विभाग तत्काल कोई कदम नहीं उठाता है, तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। जरूरत हुई तो विधानसभा का घेराव तक किया जाएगा।

बर्मामाइंस में लकड़ी गोदाम में लगी आग, गार्ड की सतर्कता से टला हादसा

आग बुझाता दमकलकर्मी ● फोटोन न्यूज

JAMSHEDPUR : बर्मामाइंस स्थित मिल एंड गोडाउन एरिया में मंगलवार तड़के लकड़ी के एक गोदाम में अचानक भीषण आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। घटना सुबह करीब 4 बजे की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, आग इम्तियाज खान नामक कारोबारी के गोदाम में लगी। ड्यूटी पर तैनात गार्ड ने सबसे पहले गोदाम से उठते धुएं और आग की लपटों को देखा। उसने तत्परता दिखाते हुए तुरंत गोदाम के मालिक को फोन कर इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही गोदाम से जुड़े लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक आग तेजी से फैल चुकी थी और स्थिति नियंत्रण से बाहर होती दिख रही थी। घटना की गंभीरता को देखते हुए तत्काल अग्निशमन विभाग को सूचना दी गई। मौके पर टाटा स्टील और झारखंड अग्निशमन विभाग की टीमें पहुंचीं। दमकलकर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। बताया जा रहा है कि आग मुख्य रूप से लकड़ी के बोटों-टुकड़ों तक ही सीमित रही, जिससे गोदाम में रखी मशीनों को कोई नुकसान नहीं हुआ। हालांकि, आग से हुए नुकसान का आकलन अभी तक नहीं किया जा सका है।

ट्रैक्टर की चपेट में आकर व्यक्ति की मौत

CHAIBASA : पश्चिमी सिंहभूम जिले के मंझारी थाना अंतर्गत छोटा रुंजू गांव में चलती ट्रैक्टर से गिरकर सोना पिंगुवा (35) की मौत हो गई। मृतक मंझारी थाना अंतर्गत भरभरिया के बाईसाई का निवासी था। यह घटना सोमवार को तब हुई, जब सोना पिंगुवा अपने दोस्तों के साथ जंगल से पत्ता लाने जा रहा था। रास्ते में छोटा रूंजू गांव के पास अचानक वह चलती ट्रैक्टर से गिर गया और ट्रैक्टर के चपेट में आ गया। घटना की सूचना पाते ही मंझारी थाना की पुलिस घटनास्थल पहुंची और शव को थाना ले गई। पुलिस ने मंगलवार को पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को शव सौंप दिया।

कॉलेजों में इंटरमीडिएट बंद होने के बाद करोड़ों के फंड पर विवाद शुरू

लगभग 2000 शिक्षक व शिक्षकेतर कर्मचारी एक झटके में हो गए बेरोजगार

JAMSHEDPUR : झारखंड में अंगीभूत कॉलेजों के इंटरमीडिएट सेक्शन बंद होने के बाद अब वहां जमा फंड को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। झारखंड अंगीभूत महाविद्यालय इंटरमीडिएट शिक्षक संघ के प्रदेश महासचिव डॉ. राकेश कुमार पांडेय ने बयान जारी कर इस मुद्दे पर गंभीर सवाल उठाए हैं। डॉ. राकेश पांडेय ने कहा कि पिछले सत्र से ही कॉलेजों में इंटरमीडिएट में नामांकन बंद कर दिया गया था। अब बारहवीं की परीक्षा समाप्त होने के बाद कॉलेजों में इंटरमीडिएट के छात्र-छात्राएं नहीं बचे हैं। इस फैसले के चलते पूरे राज्य में इंटरमीडिएट सेक्शन में कार्यरत लगभग 2000 शिक्षक और शिक्षकेतर कर्मचारी एक झटके में बेरोजगार हो गए हैं।

डॉ. राकेश कुमार पांडेय

उन्होंने सवाल उठाया कि इंटरमीडिएट के आंतरिक स्रोत से जो लाखों, कहीं-कहीं करोड़ों रुपये इंटरमीडिएट अकाउंट में जमा हैं, उनका उपयोग अब किस कार्य में किया जाएगा। उन्होंने आशंका जताई कि यदि इस पर स्पष्ट नीति नहीं बनी, तो या तो इस राशि का दुरुपयोग हो सकता है या यह पैसा बैंक खातों में फ्रीज रह जाएगा। डॉ. राकेश पांडेय ने सुझाव दिया कि महाविद्यालय प्रबंधन को चाहिए कि इस राशि को इंटरमीडिएट सेक्शन में काम कर चुके कर्मचारियों के बीच बांट दिया जाए, ताकि वे अपने भविष्य के लिए कोई रोजगार या व्यवसाय शुरू कर सकें। उन्होंने यह भी कहा कि ये सभी कर्मचारी लंबे समय तक बेहद कम मानदेय पर सेवाएं देते रहे हैं, इसलिए उन्हें सम्मानजनक सहायता मिलनी चाहिए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इस मांग को लेकर वे राज्य सरकार से मुलाकात करेंगे और आग्रह करेंगे कि इंटरमीडिएट फंड का एक हिस्सा पूर्व कर्मचारियों को दिया जाए, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें।

आयोजन घाटशिला कॉलेज में शिक्षा पर शुरू हुआ दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार, देशभर से आए प्रतिभागी

मैकाले ने किया था हमारी प्राचीन शिक्षा व्यवस्था पर कुठाराघात : कुलपति

PHOTON NEWS GHATSILA : घाटशिला कॉलेज में दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार मंगलवार को शुरू हुआ। इसमें देश के कई राज्यों से काफी संख्या में प्रतिभागी आए हैं। सेमिनार का उद्घाटन कोल्हान विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. डॉ. अंजिला गुप्ता ने किया। इस मौके पर अपने संबोधन में कुलपति ने कहा कि हमें अब ऐसी विद्या चाहिए, जो हमें समृद्धि प्रदान करे। आज जिस तरह भारत के बच्चे शिक्षा ग्रहण करने के लिए विदेश जाना चाहते हैं, ठीक इसके विपरीत पूर्व में विदेशी बच्चे भारत में शिक्षा ग्रहण करने के लिए लालायित रहते थे। हमारे वेदों में सारा ज्ञान समाहित है। हमारे प्राचीन विश्वविद्यालयों को विदेशी आक्रमणकारियों द्वारा नष्ट कर दिया गया। ब्रिटिश काल में मैकाले की शिक्षा नीति ने हमारी प्राचीन शिक्षा व्यवस्था एवं संस्कृति पर कुठाराघात किया था। मौलिक चिंतन अवरुद्ध हो गया। अब भारत की नई शिक्षा नीति आने से पूर्व के पूर्वाग्रहों से हमें मुक्ति मिलेगी। हमें सोचने की आजादी मिली है।

उन्होंने कहा कि सेमिनार का विषय भारत @ 2047 : शिक्षा, संस्कृति और ज्ञान परंपरा का भविष्य अत्यंत प्रेरणादायक एवं दूरदर्शी है। यह केवल एक विचार नहीं, बल्कि विकसित भारत के निर्माण की सशक्त आधारशिला है।

इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में सोना देवी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. प्रभाकर सिंह ने कहा कि आज आवश्यकता है कि हम अपने पारंपरिक ज्ञान प्रणाली को आधुनिक विज्ञान और तकनीक के साथ जोड़ें। भारत अपने ज्ञान परंपरा के माध्यम से ही वैश्विक नेतृत्व प्रदान कर सकता है। प्रो. मित्रेश्वर ने कहा कि भारत की शिक्षा और ज्ञान परंपरा सदैव से विश्व को दिशा दे रही है। इस मौके पर स्मारिका तथा डॉ. एसपी सिंह की पुस्तक पर्यावरण और भारत की विदेश नीति का विमोचन किया गया। प्राचार्य डॉ. आरके चौधरी ने कहा कि इस वर्ष इस कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का भी आयोजन किया जाएगा। यह सेमिनार गौतम बुद्ध नैतिक शिक्षा मिशन, झारखंड तथा घाटशिला कॉलेज के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया। इस मौके पर सेमिनार के सेक्रेटरी तथा इस मिशन के सचिव डॉ. के-के मिश्रा को सम्मानित किया गया। सेमिनार के उद्घाटन सत्र को जमशेदपुर वर्कर्स कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजीव कुमार ने भी संबोधित किया। उद्घाटन सत्र का संचालन प्रो. इंदल पासवान तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. एसपी सिंह ने किया। तकनीकी सत्र में कुल 26 शोध पत्र प्रस्तुत किए गए। तकनीकी सत्र की अध्यक्षता रांची की डॉ. तमन्ना सिंह, चाईबासा के डॉ. एमएन सिंह, डॉ. विनय कुमार सिंह, डॉ प्रवीण चंचल व डॉ. विनय कुमार गुप्ता ने किया।

कौन थे मैकाले : थॉमस बैबिंगटन मैकाले (1800-1859) एक ब्रिटिश इतिहासकार, राजनीतिज्ञ और कवि थे, जिन्हें भारत में अंग्रेजी शिक्षा प्रणाली का जनक माना जाता है। 1834-1838 तक भारत में सर्वोच्च परिषद के सदस्य के रूप में, उन्होंने 1835 के अपने प्रसिद्ध 'मिनट' (Macaulay's Minute) के माध्यम से भारतीय शिक्षा में अंग्रेजी माध्यम की वकालत की थी।

सेमिनार को संबोधित करतीं कोल्हान विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. अंजिला गुप्ता व प्रतिभागी ● फोटोन न्यूज

गत वर्ष 2700 अबुआ आवास का शुरू हुआ था काम, पूरे हुए 450

बैठक करते आवास योजना से जुड़े सदस्य ● फोटोन न्यूज

GHATSILA : प्रखंड सभागार में मंगलवार को घाटशिला प्रखंड में संचालित विभिन्न आवास योजनाओं की समीक्षा बैठक हुई। इसमें आवास के को-ऑर्डिनेटर तापस त्रिपाठी और बीपीआरओ धरमु उरांव ने प्रखंड के 22 पंचायतों में लंबित पीएम आवास, अबुआ आवास और जनमन आवास पर चर्चा की। इसमें बताया गया कि वितीय वर्ष 2024-25 में प्रखंड में कुल 2700 अबुआ आवास का निर्माण प्रारंभ हुआ था, जिसमें अब तक 450 आवास पूर्ण कर लिया गया है। इनमें 200 लाभुक ऐसे हैं, जिन्होंने पहले किस्त के 30 हजार रुपये ले लिए हैं, लेकिन नींव का निर्माण भी पूरा नहीं कराया है। इससे इन लाभुकों को दूसरे किस्त की राशि नहीं दी गई है। इन लाभुकों ने अगर जल्द से जल्द अपने आवास निर्माण के लिए नींव निर्माण की प्रक्रिया पूरी नहीं की, तो इनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जा सकती है। इनमें सबसे ज्यादा काशिदा में 33 और बांकी में 35 लाभुक हैं। अबुआ आवास योजना के करीब 300 लाभुकों ने तीसरे किस्त की राशि लेने बाद भी अपने आवास का निर्माण राशि के अनुरूप नहीं किया है।

BRIEF NEWS

35 .86 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ तस्कर गिरफ्तार, बाइक जब्त

SUPAUL : जिले के भीमपुर पुलिस टीम ने मंगलवार की शाम गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के जीवछ पुर पंचायत के वार्ड दो स्थित रानी पट्टी नहर से 60 पुरिया में कुल 35 .86 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। वही पुलिस ने मौके से एक बाइक को भी जब्त कर थाना लाई है। गिरफ्तार तस्कर में थाना क्षेत्र के जीवछ पुर पंचायत के वार्ड नंबर चार निवासी मोहम्मद रोजित के 22 वर्षीय पुत्र मोहम्मद नसीम साफी बताया जा रहा है। भीमपुर पुलिस ने बताया कि जब्त किए गए ब्राउन सुगर को छातापुर बीडीओ डॉ राकेश कुमार गुप्ता के उपस्थित में जब्ती सूची तैयार कर मोहम्मद नसीम को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध केश दर्ज करते हुए अग्रिम कारवाई हेतु न्यायालय भेजने की तैयारी की जा रही है। मालूम हो कि थाना क्षेत्र में मादक पदार्थ की तस्करी पुलिसिया कारवाई के वावजूद भी थमने का नाम नहीं ले रहा है।

एआई से अश्लील फोटो बनाकर वायरल करने की धमकी, प्राथमिकी दर्ज

KISHANGANJ : सदर थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले की रहने वाली महिला ने अपनी विवाहित बेटी का एआई टूल के जरिए अश्लील फोटो बनाकर वायरल करने की धमकी देने का आरोप एक युवक पर लगाया है। इस संबंध में पीड़िता की मां ने मंगलवार को सदर थाना में प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, कुछ माह पूर्व पीड़िता की शादी हुई थी, जिसमें आरोपी युवक भी शामिल हुआ था। आरोप है कि शादी समारोह के दौरान ही आरोपित ने युवती की तस्वीर ले ली और बाद में उसे एडिट कर अश्लील बना दिया। इसके बाद व्हाट्सएप पर फोटो भेजकर वायरल करने की धमकी देने लगा। पीड़िता पक्ष का आरोप है कि आरोपित युवक फोटो वायरल करने की धमकी देकर पैसे की मांग भी कर रहा था। घटना के बाद परिवार में भय का माहौल बना हुआ है। मामले में प्राथमिकी दर्ज होने के बाद सदर थाना पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

मुख्यमंत्री नीतीश ने 380 करोड़ की योजनाओं का किया उद्घाटन व शिलान्यास, कहा-

राज्य सरकार समाज के सभी वर्गों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध

AGENCY DEHRI-ON-SONE : समृद्धि यात्रा के पांचवें चरण में मंगलवार को यहां मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार की समग्र समृद्धि को गति प्रदान करने एवं राज्य को विकसित राज्यों की अग्रणी श्रेणी में स्थापित करने के लक्ष्य को पूरा करने में सब को साथ देने का सकल्प को हाथ उठा महिलाओ ने उत्साह के साथ समर्थन दिया।

उन्होने सोन के सतही जल का उपयोग कर रोहतास व औरंगाबाद में पेय जलापूर्ति योजना के लिए एनीकट स्थित सोन नदी में निर्मित हो रहे इंटेक बेल व बस्तीपुर में निर्मित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का स्थल निरीक्षण किया तथा उनकी प्रगति समीक्षा की। बिसैप दो में निर्मित हेलिपेड पर जिले जनप्रतिनिधियों, डीएम उदिता सिंह, एसपी रौशन कुमार उनका स्वागत किया गया। इसके बाद मुख्यमंत्री सोन नदी में उपलब्ध सतही जल के उपयोग हेतु निमार्णाधीन वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के इंटेक वेल निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कार्य की गुणवत्ता एवं गति का जायजा लिया और इसे निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण करने का निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री ने एनीकट में 1872 में निर्मित सोन नदी में प्रस्तावित वियर निर्माण स्थल का भी निरीक्षण किया। उन्होंने परियोजना से संबंधित तकनीकी पहलुओं की जानकारी जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता अजय कुमार से ली तथा जल संरक्षण एवं आपूर्ति को सुदृढ़ बनाने में इस योजना की महत्ता पर बल दिया। उन्होंने वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के 3डी मॉडल का अवलोकन कर परियोजना की रूपरेखा और उसके क्रियान्वयन की स्थिति का विस्तृत आकलन किया।

मुख्यमंत्री का स्वागत जिले के प्रभारी व राज्य के शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने किया ' सभा को उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी व जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने भी संबोधित कियाकमंच पर पूर्व सांसद महाबली सिंह, पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश, जिले के विधायक राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह, स्नेह लता कुशवाहा, आलोक कुमार सिंह, मुरारी गौतम, वशिष्ठ सिंह एमएलसी निवेदिता सिंह भाजपा के जिला अध्यक्ष संतोष पटेल जदयू के जिला अध्यक्ष विदा चंद्रवंशी समेत भारी संख्या में एनडीए के कार्यकर्ता और जीविका दिदिया सभा में मौजूद थी।

कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार व अन्य

निर्माणाधीन वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के कार्यों का किया निरीक्षण

बस्तीपुर में मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। कार्यक्रम में उन्होने ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए विकासात्मक योजनाओं से संबंधित स्टॉलों का भी निरीक्षण किया। योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने लाभुकों से संवाद करते हुए सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के प्रभाव एवं लाभ के बारे में भी जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने रिमोट के माध्यम से जिले में कुल 158 .59 करोड़ रुपये की लागत से पूर्ण हुई 179 योजनाओं का उद्घाटन व 321 .5 करोड़ रुपये की लागत से प्रस्तावित 129 नई योजनाओं का शिलान्यास किया। इन योजनाओं में पेयजल, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अन्य आधारभूत संरचना से संबंधित कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं शामिल हैं, जो जिले के समग्र विकास को नई गति प्रदान करेंगी। पुलिस लाइन स्टेडियम में आयोजित जन-संवाद कार्यक्रम में उन्होंने राज्य सरकार की प्राथमिकताओं, विकास के विजन तथा जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार समाज के सभी वर्गों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है औरह्यसमृद्धि यात्रा के माध्यम से विकास कार्यों की निगरानी एवं समीक्षा सुनिश्चित की जा रही है।

नीतीश कुमार चौथी बार बने जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष 2028 तक रहेगा कार्यकाल

AGENCY PATNA : बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एक बार फिर निर्विरोध जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चुन लिए गए हैं। यह उनका चौथा कार्यकाल होगा और वे वर्ष 2028 तक इस पद पर बने रहेंगे। जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने बताया कि नीतीश कुमार का नामांकन 19 मार्च को दिल्ली स्थित जदयू के राष्ट्रीय कार्यालय में दाखिल किया गया था। नामांकन पत्र दो सेटों में चुनाव अधिकारी को सौंपा गया था। नामांकन वापसी की अंतिम समय सीमा मंगलवार सुबह 11 बजे तक थी, लेकिन किसी अन्य उम्मीदवार ने नामांकन नहीं किया।

गौरतलब है कि जदयू में राष्ट्रीय अध्यक्ष पद को लेकर यह प्रक्रिया पूरी तरह निर्विरोध रही है, जिससे नीतीश कुमार का पुनः चयन तय हो गया।

उल्लेखनीय है कि नीतीश कुमार पहली बार वर्ष 2016 में जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने थे, जब पूर्व अध्यक्ष शरद यादव ने पद छोड़ा था। इसके बाद 2019 में वे दोबारा अध्यक्ष बने। 2020 में उन्होंने यह जिम्मेदारी छोड़कर आपसीपी सिंह को पद सौंप दिया था। बाद में राजीव रजन उर्फ ललन सिंह अध्यक्ष बने, जिन्होंने दिसंबर 2023 में इस्तीफा दिया, जिसके बाद नीतीश कुमार ने फिर से पार्टी की कमान संभाली। इस तरह, लगातार संगठनात्मक बदलावों के बाद नीतीश कुमार एक बार फिर जदयू की कमान संभालते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर लौट आए हैं।

जदयू की राष्ट्रीय परिषद और राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक पटना में होना है। बैठक को लेकर तैयारी की जा रही है। जानकारी के मुताबिक, यह बैठक 29 मार्च को पटना में होगी। इस बैठक में देशभर से पार्टी के प्रतिनिधि शामिल होंगे। इस बैठक में संगठनात्मक फैसलों पर विस्तार से चर्चा होगी।

नीतीश कुमार की फाइल फोटो

29 मार्च को बैठक में देशभर से पार्टी के प्रतिनिधि होंगे शामिल

आय से अधिक संपत्ति मामले में शिवहर जिले के डीडीसी के पैतृक आवास में एसवीयू की छापेमारी

AGENCY BETIAH : आय से अधिक संपति मामले में पटना विशेष निगरानी टीम ने शिवहर डीडीसी के पैतृक घर सेखुवनिया जमुनिया गांव में मंगलवार को छापेमारी की। निगरानी न्यायालय के आदेश पर पहुंची। टीम में बृजेश कुमार के घर तलाशी लेनी चाही लेकिन घर बंद मिला। बाद में टीम ने गांव के वार्ड सदस्य कारी गद्दी से पुछताछ की। टीम ने गांव वालों से भी कई जानकारी जुटाई। टीम के छापेमारी को लेकर डीडीसी के पैतृक गांव में चर्चाओं का बाजार गर्म रहा। टीम लगभग दो घंटे से अधिक समय तक छानबीन व पूछताछ की और वापस लौट गई। विजलेंस डीएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि निगरानी न्यायालय में डीडीसी बृजेश पर आय से अधिक संपति को लेकर मामला दर्ज है। उसके सभी ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि पैतृक परिसर से निकलकर आसपास के क्षेत्रों में पहुंची, जहां लोगों को टीबी के लक्षण, बचाव और इलाज के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि सरकार द्वारा टीबी मरीजों के लिए मुफ्त जांच और दवा की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है, जिससे समय पर इलाज संभव है। साथ ही, 'निक्षय पोषण योजना' के तहत टीबी मरीजों को इलाज के दौरान हर महीने 1000 रुपये की आर्थिक सहायता दी जाती है, ताकि वे उचित पोषण प्राप्त कर सकें और जल्दी स्वस्थ हो सकें। इसके अलावा, निजी चिकित्सकों को भी प्रोत्साहित करने के लिए टीबी मरीजों की पहचान कर सरकारी पोर्टल पर नोटिफाई करने पर प्रति मरीज 500 रुपये की प्रोत्साहन राशि देने का प्रावधान है।

छानबीन करती विशेष निगरानी की टीम

देखने के लिए बड़ी संख्या में जुटे ग्रामीण

शिवहर डीडीसी बृजेश कुमार के पैतृक घर पर निगरानी की छापेमारी की भनक लगते ही ग्रामीणों का हुजूम उनके घर पर उमड़ा रहा। लोग तरह तरह की बातें भी कर रहे थे। लोगो का कहना था कि गांव में यह विजलेंस की पहली कार्रवाई है। भ्रस्टाचार में शामिल लोगों पर ऐसी कार्रवाई होनी भी चाहिए। उनका कहना था कि शिक्षक पुत्र ने अपने पिता से भी कुछ सीख नहीं ली। नतीजा सामने है।

उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा- कारा कर्मियों को मिलेगी सुविधा

21 जेलों में बनाए जाएंगे 44 आवासीय भवन

AGENCY PATNA : बिहार सरकार ने कारा कर्मियों के लिए आवासीय सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण योजना को मंजूरी दी है। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मंगलवार को बताया कि राज्य की 21 काराओं में कुल 44 बी-टाइप (जी+3) आवासीय भवनों का निर्माण कराया जाएगा।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक भवन की लागत 202.04 लाख रुपये निर्धारित की गई है, जिसके आधार पर कुल परियोजना की अनुमानित लागत 88 करोड़ 89 लाख 76 हजार रुपये तय की गई है। इस योजना का क्रियान्वयन वित्तीय वर्ष 2025-26 और आने वाले वर्षों में चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा।

उपमुख्यमंत्री चौधरी ने बताया कि यह योजना बिहार कारा हस्तक 2012 के नियमों के तहत लागू की जा रही है। इसके अनुसार मुख्य कक्षपाल और उससे ऊपर के अधिकारियों को कारा परिसर में किराया मुक्त आवास उपलब्ध कराना अनिवार्य है। साथ ही 10 प्रतिशत कक्षपालों को पारिवारिक आवास और शेष को एकल आवासीय सुविधा देने का प्रावधान किया गया है।

उन्होंने बताया कि राज्य में वर्तमान में 5034 कक्षपाल पद स्वीकृत हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए मौजूदा और भविष्य की जरूरतों के अनुसार आवासीय ढांचे का विस्तार किया जा रहा है।

सम्राट चौधरी ने बताया कि मुजफ्फरपुर-02, पूर्णिया-03, मोतिहारी-04, आरा-02, भभुआ-02,बेतिया-01, सिवान-02, दरभंगा-02, मधुबनी-02, सीतामढ़ी-02, सुपौल-02, कटिहार-02, किशनगंज-02, सहरसा-02, बेगूसराय-02, जमुई-02, लखीसराय-02, मुंगेर-02, शेखपुरा-02, औरंगाबाद-02 और नवादा-02 सहित 21 काराओं में कुल 44 भवनों का निर्माण किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि राज्य में कानून-व्यवस्था को और अधिक प्रभावी और आधुनिक बनाने के लिए सरकार लगातार आधारभूत संरचना के विकास पर काम कर रही है। हाल ही में पूर्वी चंपारण, अररिया, सारण, बेगूसराय और किशनगंज में थाना भवन और अन्य बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए 46.34 करोड़ रुपये की योजना को स्वीकृति दी गई है।

बेउर आदर्श कारा का फाइल फोटो और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी

विश्व यक्ष्मा दिवस पर राघोपुर में जागरूकता रैली, 'टीबी मुक्त भारत' का दिया गया संदेश

AGENCY SUPAUL : विश्व यक्ष्मा दिवस के अवसर पर मंगलवार को राघोपुर रेफरल अस्पताल परिसर से जागरूकता रैली निकाली गई। इस रैली का उद्देश्य लोगों को क्षय रोग (टीबी) जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूक करना और इसके इलाज से जुड़ी सरकारी सुविधाओं की जानकारी देना था। रैली में स्वास्थ्य प्रबंधक नोमान अहमद, बीसीएम शादाब अली, वरीय उपचार पर्यवेक्षक अजय कुमार वर्मा, लैब टेक्नीशियन संजीव कुमार साह सहित कई स्वास्थ्य कर्मी और दर्जनों आशा कार्यकर्ता शामिल हुए। सभी ने 'जन-जन का रखें ध्यान, टीबी मुक्त भारत' का संदेश देते हुए लोगों को जागरूक किया। रैली अस्पताल परिसर से निकलकर आसपास के क्षेत्रों में पहुंची, जहां लोगों को टीबी के लक्षण, बचाव और इलाज के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि सरकार द्वारा टीबी मरीजों के लिए मुफ्त जांच और दवा की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है, जिससे समय पर इलाज संभव है। साथ ही, 'निक्षय पोषण योजना' के तहत टीबी मरीजों को इलाज के दौरान हर महीने 1000 रुपये की आर्थिक सहायता दी जाती है, ताकि वे उचित पोषण प्राप्त कर सकें और जल्दी स्वस्थ हो सकें। इसके अलावा, निजी चिकित्सकों को भी प्रोत्साहित करने के लिए टीबी मरीजों की पहचान कर सरकारी पोर्टल पर नोटिफाई करने पर प्रति मरीज 500 रुपये की प्रोत्साहन राशि देने का प्रावधान है।

जागरूकता रैली में भाग लेतीं महिलाएं

चैती छठ : अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को व्रतियों ने दिया अर्घ्य

AGENCY PATNA : आस्था, श्रद्धा और परंपरा के महापर्व चैती छठ के तीसरे दिन मंगलवार को व्रतियों ने अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित किया। जिले के विभिन्न घाटों, तालाबों और नदियों के किनारे श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी, जहां डूबते सूर्य को अर्घ्य देने के लिए व्रती पूरे विधि-विधान के साथ जल में खड़े होकर पूजा-अर्चना करते नजर आए। छठ घाटों पर सुबह से ही साफ-सफाई और सजावट की विशेष व्यवस्था की गई थी। शाम होते-होते घाटों पर लोकगीतों और छठ गीतों की गूंज के बीच वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। व्रती महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सूप, दउरा और प्रसाद के साथ घाटों पर पहुंचीं और अस्त होते सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि और आरोग्य की कामना की।

प्रशासन द्वारा भी सुरक्षा और व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए थे। घाटों पर पुलिस बल की तैनाती, प्रकाश व्यवस्था तथा बैरिकेडिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की गई थी, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। चार दिवसीय इस अनुष्ठान का समापन बुधवार को उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित करने के साथ होगा।

छठ घाट पर श्रद्धालुओं की भीड़

रिहा होने के बाद अनंत सिंह का 50 किमी लंबा रोड शो, बोले- साजिश के तहत फंसाया गया

AGENCY PATNA : बिहार की मोकामा विधानसभा सीट से जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के विधायक अनंत सिंह ने जेल से रिहा होने के बाद मंगलवार को शक्ति प्रदर्शन किया। उन्होंने करीब 50 किलोमीटर लंबा मेगा रोड शो निकाला, जिसमें बड़ी संख्या में उनके समर्थक शामिल हुए। रोड शो के दौरान मीडिया से बातचीत में अनंत सिंह ने दुलारचंद यादव हत्याकांड में खुद को निर्दोष बताते हुए कहा कि उन्हें एक साजिश के तहत फंसाया गया है। उन्होंने दावा किया कि घटना के दिन वह घटनास्थल से करीब चार किलोमीटर दूर थे। इससे पहले रिहाई के बाद अनंत सिंह अपने समर्थकों के काफिले के साथ मोकामा से बड़हिया के लिए रवाना हुए। इस दौरान पूरे रास्ते समर्थकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। जगह-जगह उनका स्वागत किया गया और समर्थकों ने नारेबाजी भी की। बड़हिया रवाना होने से पहले अनंत सिंह ने एक बार फिर साफ किया कि वह आगे कोई चुनाव नहीं लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि अब उनके बेटे चुनाव लड़ेंगे और जनता के बीच जाकर काम करेंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं के उत्साह को लेकर कहा कि पार्टी और समर्थकों में जोश बरकरार रहेगा। गौरतलब है कि बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के दौरान अनंत सिंह को दुलारचंद यादव हत्याकांड में गिरफ्तार किया गया था। जेल में रहते हुए ही उन्होंने चुनाव लड़ा और मोकामा के पूर्व सांसद सूरजभान सिंह की पत्नी वीणा देवी को हराकर जीत हासिल की थी।

रोड शो में जदयू विधायक अनंत सिंह व अन्य

विमर्श

अपर समाहर्ता की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय बैंक समीक्षा बैठक

ऋण वितरण बढ़ाने और लंबित आवेदनों के निपटारे पर जोर

AGENCY SUPAUL : जिला मुख्यालय स्थित समाहरणालय के लहटन चौधरी सभागार में मंगलवार को जिला स्तरीय बैंक समीक्षा बैठक का आयोजन अपर समाहर्ता, सुपौल की अध्यक्षता में किया गया।

बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही की प्रगति की समीक्षा की गई। इसका मुख्य उद्देश्य जिले के विकास में बैंकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना और सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही बाधाओं को दूर करना था।

बैठक में बताया गया कि जिले ने वार्षिक ऋण योजना के तहत दिसंबर 2025 तक 50 प्रतिशत यानी 2,30,615 लाख रुपये का लक्ष्य हासिल किया है। वहीं, जिले का औसत सीडी रेशियो 68 प्रतिशत दर्ज किया गया।

अपर समाहर्ता ने कम प्रदर्शन करने वाले बैंकों, विशेषकर आईडीबीआई और पीएनबी को जमा राशि के अनुपात में ऋण वितरण बढ़ाने के निर्देश दिए।

समीक्षा के दौरान यह भी सामने आया कि कुछ बैंकों का प्रदर्शन काफी कमजोर है। बैंक ऑफ महाराष्ट्र, केनरा बैंक और इंडियन बैंक को अपनी कार्यप्रणाली में सुधार लाने और ऋण वितरण में तेजी लाने के निर्देश दिए गए।

प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में कृषि क्षेत्र में 61 प्रतिशत उपलब्धि दर्ज की गई, जबकि मत्स्य पालन में मात्र 0.27 प्रतिशत प्रगति पर चिंता जताई गई। पशुपालन क्षेत्र में 20 प्रतिशत उपलब्धि रही, जिसे बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास करने को कहा गया। वहीं, एमएसएमई सेक्टर में 48 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया गया है।

मुद्रा लोन के तहत भेजे गए 319 आवेदन लंबित पाए गए, जिन्हें शीघ्र स्वीकृत करने का निर्देश दिया गया।

सरकारी योजनाओं के तहत लंबित आवेदनों की समीक्षा में पीएमईजीपी के 113, पीएमएफएमई के 276, गव्य विकास के 161 और जीविका डेयरी के 28 आवेदन लंबित पाए गए। अपर समाहर्ता ने इन सभी आवेदनों का 15 दिनों के भीतर निपटारा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए सभी बैंक अधिकारियों ने सहमति जताई कि प्रत्येक माह के दूसरे सप्ताह के बुधवार को जिले के सभी प्रखंड मुख्यालयों पर 'विशेष बैंकिंग कैंप' आयोजित किए जाएंगे। इन कैंपों के माध्यम से आम लोगों को बैंकिंग योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ मौके पर ही ऋण और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

अपर समाहर्ता ने कहा कि बैंकों के बीच बेहतर समन्वय और त्वरित कार्रवाई से ही जिले के विकास को गति मिल सकती है।

बैठक करते सुपौल के अपर समाहर्ता व अन्य

एलपीजी आपूर्ति सामान्य 9100 से अधिक सिलेंडर उपलब्ध : जिलाधिकारी

KISHANGANJ : जिले में एलपीजी गैस की उपलब्धता और आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह सामान्य बनी हुई है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि उपभोक्ताओं को गैस की कमी को लेकर घबराने की जरूरत नहीं है। मंगलवार को जिलाधिकारी विशाल राज ने बताया कि वर्तमान में जिले में 9100 से अधिक गैस सिलेंडरों का स्टॉक उपलब्ध है। गैस की आपूर्ति और वितरण सुचारू रूप से किया जा रहा है।

उपभोक्ताओं को अब होम डिलीवरी की सुविधा पहले की तरह मिल रही है, जिससे उन्हें एजेंसी जाने की आवश्यकता नहीं है। बुकिंग के बाद 2 से 3 दिनों के भीतर सिलेंडर घर तक पहुंचाया जा रहा है।

कटिहार में तेज रफ्तार डंपर और ट्रैक्टर में टक्कर, तीन लोग घायल

AGENCY KATIHAR : जिले के कुसेर्ला थाना क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग-31 पर विषहरी स्थान के समीप एक भीषण सड़क हादसा हुआ। तेज रफ्तार हाइवा ने ईंट लदे ट्रैक्टर को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे ड्राइवर सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में मुनिया देवी (पति- बटन ऋषि), निवासी सुजापुर थाना बरारी, और सुनील कुमार है, जबकि एक अन्य का नाम पता नहीं चल पाया है। घायलों को तुरंत इलाज के लिए समेली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। घायल सुनील कुमार ने बताया कि वे मधेली से ईंट लोड कर मजदिया की ओर जा रहे थे, तभी तेज रफ्तार हाइवा ने पीछे से टक्कर मार दी, जिससे यह हादसा हुआ। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने हाइवा चालक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। सूचना मिलते ही कुसेर्ला थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई। इस दुर्घटना के बाद क्षेत्र में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

टक्कर के बाद रोड पर पड़ा वाहन

सुप्रीम कोर्ट ने मुफ्त सुविधाएं बांटने की प्रवृत्ति को कोसा

अभी हाल में सुप्रीम कोर्ट ने सरकारों द्वारा चुनावी राजनीति के दृष्टिगत मुफ्त सुविधाएं बांटने वाली प्रवृत्ति की कड़ी आलोचना की। ऐसी राजनीति को देश के आर्थिक विकास में बाधक बताते हुए कोर्ट ने कहा कि समर्थ लोगों को भी मुफ्त सुविधाएं देना गलत है और ऐसी सुविधाएं बांटने की बजाय सरकारों को रोजगार पैदा करने पर ध्यान देना चाहिए। कोर्ट तमिलनाडु सरकार द्वारा दायर एक रिट याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें विद्युत संशोधन नियम 2024 के उस नियम 23 को रद करने की मांग की गई थी, जो राज्य सरकार द्वारा गरीब-अमीर सभी को मुफ्त बिजली आवंटन के उसके प्रस्ताव में बाधा बन रहा था। सुनवाई के दौरान करदाताओं के पैसे का मुफ्त सुविधाओं और कैश ट्रांसफर के लिए अंधाधुंध उपयोग करने पर भी कोर्ट ने गहरी चिंता व्यक्त की। उसने इस पर हैरानी जताई कि वित्तीय घाटे के बावजूद राज्य सरकारें मुफ्तखोरी को बढ़ावा दे रही हैं और इन योजनाओं के लाभार्थियों में संपन्न लोग भी शामिल हैं। चुनाव पूर्व इस वित्त वर्ष के लिए पेश तमिलनाडु के बजट में लगभग 99 हजार करोड़ की राशि कैश ट्रांसफर, सब्सिडी और मुफ्त योजनाओं के लिए आवंटित की गई है। यह राशि समूचे बजट की एक तिहाई बनती है, जबकि विकास कार्यों में खर्च होने वाली राशि इस व्यय की आधी यानी करीब 47 हजार करोड़ है। बजट राशि का ऐसा बेपरवाह आवंटन एक राजनीतिक प्रवृत्ति बन गया है और इसके दुष्परिणाम अनेक राज्यों में देखे जा सकते हैं। यह विडंबना ही है कि सुप्रीम कोर्ट की ओर से रेवड़ी संस्कृति पर चिंता जताए जाने के बीच ही अभिनेता से नेता बने विजय ने घोषणा की कि उनके दल टीवीके की सरकार बनने पर 60 साल की उम्र तक की महिलाओं को हर महीने 2500 रुपये की आर्थिक सहायता, हर परिवार को साल में छह मुफ्त एलपीजी सिलेंडर, दिए जाएंगे। उन्होंने अन्य लोकलुभावन घोषणाएं करते हुए युवतियों की शादी के समय आठ ग्राम सोना और एक रेशमी साड़ी देने का भी वादा किया। ऐसी योजनाओं ने कई राज्यों के राजकोष पर भारी दबाव बनाया है। पंजाब की स्थिति विशेषकर खराब है। यहां कुल राजस्व प्राप्ति का 18 प्रतिशत बिजली की सब्सिडी में ही व्यय हो रहा है। राज्य के बजट का 10 प्रतिशत से भी कम आवंटन विकास परियोजनाओं की मद में हो रहा है। बिजली सब्सिडी के अलावा अन्य लाभार्थी योजनाओं के चलते पंजाब का वित्तीय प्रबंधन इतना खराब हो चला है कि ऋण से राज्य सकल घरेलू उत्पाद यानि डेट टू एसजीडीपी रेशियो 45 से 46 प्रतिशत के करीब आ पहुंचा है, जबकि राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन यानी एफआरबीएम समिति इसे 20 प्रतिशत पर रखने का सुझाव देती है। इसके बाद भी पंजाब सरकार ने महिलाओं को हर माह 1000 रुपये देने की घोषणा की है। वर्ष 2025-26 के अंत तक कर्नाटक पर कुल देनदारियां 7.64 लाख करोड़ तक पहुंच गई थीं, जो सकल राज्य घरेलू उत्पाद का 27 प्रतिशत है। कर्नाटक का डेट टू एसजीडीपी रेशियो अभी ठीक है, पर यह 10 वर्ष पूर्व की स्थिति से काफी खराब है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस प्रवृत्ति को रेवड़ी संस्कृति बताते हुए इसकी आलोचना की थी, पर दुखद यह है कि भाजपा शासित मध्य प्रदेश और राजस्थान में भी वित्त प्रबंधन बुरी तरह गड़बड़ाया हुआ है। मध्य प्रदेश के 2026-27 के 4.38 लाख करोड़ रुपये के बजट में लगभग 80 हजार करोड़ रुपये राशि का आवंटन कैश ट्रांसफर, सब्सिडी और कल्याणकारी योजनाओं के लिए किया गया है। यह राशि लाड़ली बहना, लाड़ली लक्ष्मी, किसान कल्याण, तीर्थ यात्रा, साइकिल एवं दुग्ध वितरण और बिजली सब्सिडी जैसे प्रयोजनों पर खर्च की गई है। रेवड़ी संस्कृति के चलते पंजाब, बंगाल, आंध्र और राजस्थान ऐसे राज्य बन गए हैं, जहां ढांचागत विकास कार्यों पर पूंजीगत व्यय कुल बजट के 10 प्रतिशत से भी कम हो गया है। इस परिपाटी का दुखद पहलू यह है कि सामाजिक कल्याण और मुफ्तखोरी में भेद खत्म हो गया है। पार्टियां स्कूटी, टीवी, मिक्सर ग्राइंडर और सोना तक बांटने की घोषणा करती हैं। मुफ्तखोरी पर खर्च प्रत्येक रुपया शिक्षा, स्वास्थ्य एवं ढांचागत विकास जैसे आवश्यक निवेश की कीमत पर हो रहा है, जिनसे गरीबी उन्मूलन और रोजगार सृजन का दीर्घकालिक समाधान संभव है। ऐसा नहीं है कि पार्टियां यह सब समझती नहीं। उन्हें पता है कि उत्पादकता में अपेक्षित वृद्धि के बिना मुफ्तखोरी पर भारी खर्च मुद्रा का अवमूल्यन भी करेगा, फिर भी राजनीतिक हित राष्ट्र हित पर भारी पड़ रहे हैं। रेवड़ी आवंटन विकास कार्यों में तो बाधा बन ही रहा है, यह ऐसी राजनीतिक संस्कृति को भी जन्म दे रहा है, जहां नागरिकों का ध्यान सरकारों के शासकीय दायित्व से हटकर व्यक्तिगत लोभ और लालच पर अटका दिया गया है। जन अपेक्षा सरकारों की कार्यकुशलता और पारदर्शिता की बजाय इस ओर मुड़ रही है कि अगले चुनाव में कौन पार्टी कितनी लुभावनी योजनाएं घोषित करेगी। चुनावों में छिपकर नोट, शराब और साड़ी वितरण जैसे प्रयत्नों से परे रेवड़ी संस्कृति ने राजनीतिक भ्रष्टाचार को ऐसा संस्थागत रूप दे दिया है, जहां मतदाता को एलानिया घूस दी जा रही है। मूल संसाधन एकत्रित करने से लेकर शिक्षा और विवाह जैसे गृहस्थ दायित्वों का भार अपने ऊपर ले रही सरकारें शासन को ऐसी धारा में ले जा रही हैं, जहां व्यक्तिगत पुरुषार्थ का महत्व क्षीण हो रहा है। इसका सीधा असर उत्पादकता पर भी पड़ रहा है। दक्षिण के कई राज्यों में हो रहे प्रवासन का बड़ा कारण ऐसी कल्याणकारी योजनाओं के चलते स्थानीय श्रम शक्ति की बढ़ती अनुपलब्धता है।

हेमंत जा रहे हिमंता को ललकारने, नुकसान कांग्रेस का

ANALYSIS

✍ श्याम किशोर चौबे

जब 12 मार्च को असम कांग्रेस के अध्यक्ष सांसद गौरव गोगोई रांची आकर हेमंत से मिले तो ऐसा लगा कि यह मुलाकात पॉलिटिकल मिशन बनेगी। उस दिन गोगोई ने मीडिया से कहा, विपक्षी दलों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर भाजपा को चुनौती देने की रणनीति तैयार की जा रही है। लेकिन, यह पॉलिटिकल मिशन पिछले अक्टूबर-नवंबर में हुए बिहार चुनाव की गति को प्राप्त हुआ। हेमंत सोरेन की पार्टी झामुमो से असम चुनावों में कांग्रेस का कोई समझौता न हो सका। ऐसी परिस्थिति में भले ही झामुमो वहां भाजपा और उसके सहयोगी दलों को ललकारे, लेकिन वोट तो काटेगा समान विचारधारा वाली कांग्रेस और उसकी सहयोगी पार्टियों का ही, जो वहां एसोम सोन्मिलित मोर्चा के बैनर तले चुनाव लड़ रही हैं। कांग्रेस वहां रायजोर दल, असम जातीय परिषद, सीपीएम, सीपीआई, माले तथा ऑल पार्टी हिल लीडर्स कान्फ्रेन्स के गठबंधन में चुनावी मैदान में है। दूसरी ओर भाजपा के साथ असम गण परिषद और बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट गठबंधन में हैं। 126 विधानसभा सीटों वाले असम में 21 सीटों पर चुनाव लड़कर झामुमो सरकार बना लेगा, इसकी दूर-दूर तक कोई संभावना नहीं है।

अधिक समय नहीं गुजरा, जिन हेमंत सोरेन के विरुद्ध झारखंड विधानसभा चुनाव के चार-पांच महीने पहले से ही भाजपा के चुनाव सह प्रभारी असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा आग उगल रहे थे और चुनाव बाद भी यहां पधारकर अपनी सेवाएं देते रहने की गंगाजली उठा रहे थे, उन्हीं हिमंता के विरुद्ध चुनावी गोटियां सजाने में हेमंत मशगूल हो गए हैं। झारखंड के चुनाव में हिमंता का प्रभाव न्यूनतम पड़ा, हेमंत अपने नेतृत्व में झामुमो, कांग्रेस, राजद और वामदलों के पक्ष में राज्य की 81 में से 56 सीटें झटक कर डिस्टिंकशन मार्क्स लाने में सफल रहे। चुनाव बाद हिमंता जो गुवाहाटी गए, सो फिर मुड़कर पीछे झांका तक नहीं। उसी दौर में हेमंत ने एलान किया था कि असम चुनाव के समय वे हिमंता को जवाब देंगे। इस जवाब का सिलसिला हाल ही तिनसुकिया और फिर विश्वनाथ जिले में बड़ी रैलियां कर उन्होंने जमा दिया। इन सभाओं में उन्होंने खास तौर पर चाय बगानों में काम करनेवाले आदिवासी समुदाय के पहचान, सम्मान और अधिकारों का मुद्दा उठाया। वहां उन्होंने झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल से गये लाखों आदिवासियों के राजनीतिक महत्व का सवाल उठाया। कहा, ये यहां की महत्वपूर्ण शक्ति हैं, लेकिन उनकी आवाज मुख्यधारा की राजनीति में नहीं उठाई गई है। वे उनकी आवाज बनने आये हैं। इसी सामाजिक आधार पर उन्होंने असम में अपने 21 प्रत्याशी उतारे हैं।

जब 12 मार्च को असम कांग्रेस के अध्यक्ष सांसद गौरव गोगोई रांची आकर हेमंत से मिले तो ऐसा लगा कि यह मुलाकात पॉलिटिकल मिशन बनेगी। उस दिन गोगोई ने मीडिया से कहा, विपक्षी दलों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर भाजपा को चुनौती देने की रणनीति तैयार की जा रही है। लेकिन, यह पॉलिटिकल मिशन पिछले अक्टूबर-नवंबर में हुए बिहार चुनाव की गति को प्राप्त हुआ। हेमंत सोरेन की पार्टी झामुमो से असम चुनावों में कांग्रेस का कोई समझौता न हो सका। ऐसी परिस्थिति में भले ही झामुमो वहां भाजपा और उसके सहयोगी दलों को ललकारे, लेकिन वोट तो काटेगा समान विचारधारा वाली कांग्रेस और उसकी सहयोगी पार्टियों का ही, जो वहां एसोम सोन्मिलित मोर्चा के बैनर तले चुनाव लड़ रही हैं। कांग्रेस वहां रायजोर दल, असम जातीय परिषद, सीपीएम, सीपीआई, माले तथा ऑल पार्टी हिल लीडर्स कान्फ्रेन्स के गठबंधन में चुनावी मैदान में है। दूसरी ओर भाजपा के साथ असम गण परिषद और बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट गठबंधन में हैं।

126 विधानसभा सीटों वाले असम में 21 सीटों पर चुनाव लड़कर झामुमो सरकार बना लेगा, इसकी दूर-दूर तक कोई संभावना नहीं है। इसके बजाय पार्टी प्रमुख हेमंत सोरेन को राष्ट्रीय स्तर पर आदिवासी नेता के रूप में पेश करना और वोट प्रतिशत बढ़ाना उसका प्रमुख उद्देश्य हो सकता है। बेशक चाय बगानों और अन्य क्षेत्रों में काम करने गए झारखंड के आदिवासियों की तादाद काफी है, लेकिन इतनी भी नहीं कि वह सरकार बनवा सके। 2024 में हुए झारखंड विधानसभा के चुनाव में वहां से आए जनजातीय समूहों ने संतालपरगना में झामुमो के पक्ष में प्रचार किया था। उससे झामुमो को असम के आदिवासी समाज में राजनीतिक प्रतिनिधित्व की उम्मीदें झलक रही हैं। वहां उसकी संगठनात्मक जड़ें अभी बहुत परिपक्व नहीं हैं और उसका विस्तार न तो झारखंड जैसा विस्तृत हो पाया है, न ही बड़ा वोट बैंक बन पाया है। ऐसी स्थिति में विपक्षी गठबंधन में झामुमो को जगह नहीं मिलने का फायदा भाजपा को ही मिलना है। इसके बावजूद उसके लिए वहां संभावनाएं हैं, लेकिन सीमित और रणनीतिक स्तर की ही। वह मुख्य मुकाबले में बड़ा खिलाड़ी नहीं है, लेकिन कुछ प्रभाव दिखा सकता

है। यह प्रभाव किस हद तक जाएगा, एकबारगी कहना या आंकना संभव नहीं है, क्योंकि झामुमो वहां पहली बार खुद को आजमाने उतरा है।

असम में 15 साल की प्रतीक्षा के बाद 2016 में एनडीए सरकार की वापसी हुई थी, जो आज की तारीख तक बरकरार है। वहां के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा कांग्रेस त्यागकर अगस्त 2015 में भाजपा में शामिल हुए थे। उसके बाद उस अत्यंत संवेदनशील सीमाई राज्य में भाजपा का परचम लहराने लगा। उसने 2016 में 60 सीटें जीतकर बीपीएफ (12) तथा एजीपी (14) के साथ सरकार बनाई थी। कांग्रेस 26 सीटों पर सिमट गई थी, जबकि यूडीएफ को 13 और निर्दलीय को एक सीट मिली थी। 2021 के चुनाव में भी लगभग यही स्थिति बनी रही। उस चुनाव में भाजपा दोबारा 60 सीटें जीतने में कामयाब रही, जबकि कांग्रेस का ग्राफ थोड़ा ऊपर उठकर 29 तक पहुंच पाया था। भाजपा की साथी एजीपी को नौ और यूपीपीएल को छह सीटें मिली थीं। एआईयूडीएफ 16, बीपीएफ 4, सीपीआई-एम और निर्दलीय एक-एक सीट पर थे। असम विधानसभा में 19 एसटी और नौ एससी सीटें हैं, जो काफी महत्व की हैं। हेमंत की नजर इन्हीं रिजर्व सीटों पर खास तौर पर केंद्रित है। झारखंड की ही तरह असम में भी 14 लोकसभा सीटें हैं, जिनमें से 2019 में एनडीए 9, कांग्रेस 3, एआइयूडीएफ 1 और निर्दलीय 1 सीट पर रहे थे। 2024 के लोकसभा चुनाव में भी भाजपा नौ और कांग्रेस तीन सीटों पर रही, जबकि भाजपा की पार्टनर एजीपी तथा यूपीपीएल एक-एक सीट पा सकी। 2011 की जनगणना के अनुसार असम की जनसंख्या 3.12 करोड़ है, जबकि आदिवासी आबादी 38.8 लाख है। वहां चाय बगानों और अन्य क्षेत्रों में काम करने गए झारखंड के आदिवासी समूहों की आबादी 15-20 लाख बताई जाती है। इस पर झामुमो की नजर गड़ी हुई है। झारखंड की तरह असम में 32 जनजातीय समूह न होकर एसटी प्लेन्स की पहचान वाली बोडो, मिशिंग, राबहा, सोनवाल, कछारी आदि और एसटी हिल्स की पहचान वाली करबी और डिमांसा जनजातियां रहती हैं।

टीम इंडिया ने वर्ल्डकप पर कब्जा कर दिखाई अद्भुत ताकत

भारतीय क्रिकेट की दृष्टि से देश को गौरवान्वित करने वाली थी और सबकी निगाहें गुजरात के नरेंद्र मोदी स्टेडियम की पिच पर संध्या 7 बजे स्थिर हो गई। तमाम अटकलों को खारिज करते हुए, जब भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल में न्यूजीलैंड को एकतरफा दिख रहे मुकाबले मे 96 रनों से मात देकर भारतीय दल लगातार दूसरी बार विश्वकप को चूमा तब मानो घड़ी भी कुछ देर के लिए ठिठक कर रह गई थी। अभिषेक शर्मा की लगातार विफलता को देखते हुए, उन्हें फाइनल मे रखा जाए या नहीं, इस पर बहुत मंथन किया गया था। अंततः उन्हें मौका दिया गया और उन्होंने अतीत के पृष्ठों को नजरअंदाज करते हुए एक ऐसे पृष्ठ पर अपने पराक्रम और कौशल के हस्ताक्षर कर दिए, जो अमिट हो गया है और स्वर्णाक्षरों में दर्ज हो गया है। टी-20 विश्वकप के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ कि प्रारंभिक तीनों बैटर अर्द्धशतक बनाए। इतना ही नहीं, पॉवर-प्ले में बिना किसी क्षति के 92 रनों का स्कोर खड़ा करना भी एक कीर्तिमान बन गया है। न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया जो कुछ हद तक सही नहीं लग रहा था। भारतीय दल ने इस मौके को हाथोंहाथ लिया। जब संजू सैमसन, अभिषेक शर्मा और ईशान किशन बल्लेबाजी कर रहे थे, तब गेंदबाजी बहुत सामान्य स्तर की दिख रही थी। आरंभ के एक-दो ओवर तक भारतीय बैटरों ने गेंदों के स्वभाव को समझा, उसके बाद उनके तेवर बदले और छक्के-चौके से दर्शकों और श्रोताओं का भरपूर मनोरंजन होता रहा। संजू, अभिषेक शर्मा, ईशान किशन और शिवम दुबे के बल्ले का कमाल था कि भारतीय दल का स्कोर 250 से पार चला गया था। एक समय वह भी था, जब भारत का स्कोर 300 रन के लगभग दिख रहा था। चारों ने उम्दा प्रदर्शन किए, जबकि कप्तान सूर्यकुमार यादव ने आते ही लापरवाही भरा शॉट खेलकर भारत को लगभग 50 रन पीछे खींच लिए, क्योंकि उसके बाद 'आया राम-गया राम' का नजारा दिखता रहा। 16वें ओवर में 204 की रन संख्या पर भारत के 4 विकेट गिर चुके थे। समझ मे नहीं आ रहा था कि न्यूजीलैंड के गेंदबाज नीशम ने भारतीय बैटरों पर कौन-सा जादू कर दिया है, जो अचानक एक-के-बाद-एक तीन विकेट- संजू , ईशान और सूर्यकुमार यादव के गिरते रहे। उसके बाद उसी स्कोर पर डफी की गेंद पर हार्दिक पांड्या का कैच छूटा था। तीनों ने अनावश्यक शॉट लगाए थे। थोड़ा ठहर लेना था, क्योंकि रन तो बन ही रहे थे। संजू ने भी अपने पिछले अंदाज में फाइनल में भी अर्द्धशतकीय पारी (46 गेंदों में 89 रन) खेली थी। अभिषेक ने 21 गेंदों में अर्द्धशतक बनाए थे। ईशान ने भी अर्द्धशतक (25 गेंदों में 54 रन) बनाकर अपनी काबिलियत बता और दिखा दी थी। तीनों की बिंदास बल्लेबाजी का ही नतीजा था कि भारतीय दल का स्कोर वहां तक पहुंच चुका था, जिसकी किसी ने उम्मीद तक नहीं की थी। हार्दिक को आक्रामक प्रदर्शन करने के लिए पहले ही भेजा गया था, परंतु वे निष्क्रिय दिखते रहे, जिसका परिणाम रहा कि आखिरी 14 गेंदों में तीन विकेट की क्षति पर मात्र 9 रन बने। जो स्कोर 300 रन तक दिख रहे थे, पूरी तरह से सिकुड़ गे। तीनों के आउट होते ही रनों के लाले पड़ते दिखते रहे। न्यूजीलैंड के गेंदबाजों ने 15वें ओवर से रनों पर अंकुश लगा दिए थे। एक समय था, जब भारतीय दल का रन-औसत 15-16 का था। गेंदबाजी में न्यूजीलैंड की अप्रत्याशित वापसी दिख रही थी। तीनों को संयमित रहना था, पर बहक गए थे। हेनरी ने हार्दिक को चलता कर दिया था। गेंदबाज यॉर्कर से दूर रहकर गेंदों पर तरह-तरह से अंगुलियां फेरते हुए कमाल की गेंदबाजी करते दिख रहे थे। पिछले चार ओवरों (16 से 19) में मात्र 28 रन आए थे। बारी शिवम दुबे की थी, जिन्होंने आखिरी ओवर में चार गेंदों में 24 रन (दो छक्का और तीन चौका) बनाकर भारत को 255 रनों तक पहुंचा दिया था, जो पिछले चार ओवर पहले बना पाना बहुत मुश्किल दिख रहा था। इस प्रकार शिवम ने मात्र 8 गेंदों में अविजित 26 रन बनाकर अपने होने को सिद्ध कर दिखाया है। बेशक, भारत ने 255 रनों का स्कोर बनाकर मनोवैज्ञानिक लाभ ले लिया था। न्यूजीलैंड की पारी शुरू हो चुकी थी। भारतीय गेंदबाज उनपर प्रभावी दिख रहे थे। भारतीय दल को तब जोरदार झटका लगा था जब अर्शदीप सिंह के पहले ओवर के पांचवीं गेंद पर शिवम दुबे ने साइफर्ट का एक आसान-सा कैच छोड़ दिया था। साइफर्ट खतरनाक बैटर हैं, जिन्हें जीवनदान का परिणाम था कि साइफर्ट ने हार्दिक पांड्या की गेंद पर लगातार दो छक्के लगा दिए थे। हार्दिक के पहले ओवर में 21 रन बनाकर न्यूजीलैंड के बैटरों, विशेषकर साइफर्ट ने अपना इरादा जाहिर कर दिया था। एलन जिस बल्ले से आकर्षक प्रदर्शन कर रहे थे, उसे बदल कर दूसरा बल्ला ले लिया और अक्षर पटेल की अगली ही गेंद पर तिलक वर्मा को कैच थमा बैठे। जो रचिन रविंद्र उद्घाटक बैटर के लिए जाने जाते रहे हैं, पहले विकेट गिरने के बाद आए, परंतु जसप्रीत बुमराह की पहली ही गेंद पर उनका जोरदार कैच लाग-ऑन पर खड़े ईशान किशन ने लपक लिया था, यद्यपि गेंद छिटका था तथापि ईशान ने उसे दूसरे प्रयास में जकड़ लिया। पांचवें ओवर की पांचवीं गेंद पर अक्षर पटेल ने खतरनाक दिख रहे फिलिप्स को पैवेलियन का रास्ता दिखा दिया था। पॉवर-प्ले में बड़ी संख्या में रनों का बनना और विकेट बचाए रखना बहुत महत्वपूर्ण होता है, परंतु न्यूजीलैंड पॉवर-प्ले में भारत की तुलना में बहुत पीछे दिख रहा था। उसके पॉवर-प्ले में 52 रनों में 3 विकेट गिर चुके थे। साइफर्ट का कैच छोड़ना महंगा रहा, क्योंकि साइफर्ट ने मात्र 23 गेंदों मे 50 रन बना लिए थे। हार्दिक पांड्या बल्लेबाजी में कुछ खास नहीं कर पाए परंतु उन्होंने चैपमैन को क्लीन बोल्ड कर दिया था।

Social Media Corner

सच के हक में...



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राष्ट्रपति भवन में पारंपरिक चित्रकला और भित्तिचित्र कला के कलाकारों के एक समूह से मुलाकात की और उनकी कलाकृतियों का अवलोकन किया। ये कलाकार राष्ट्रपति भवन के 'कला उत्सव' आर्टिस्ट-इन-रेजिडेंस कार्यक्रम के तहत वहां रह रहे हैं। कला उत्सव भारत की कलात्मक परंपराओं की भावना का उत्सव है, जो सांस्कृतिक पहचान को संरक्षित करने और आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करने में जीवंत कला परंपराओं की महत्वपूर्ण भूमिका की पुष्टि करता है।

(राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का 'एक्स' पर पोस्ट)



असम राइफल्स के वीर जवानों और उनके परिवारों को स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। पूर्वोत्तर के दुर्गम इलाकों में हमारी सीमाओं की रक्षा करते हुए, वे वीरता और देशभक्ति का प्रतीक बनकर मानवीय सहायता प्रदान करते हुए समुदायों में विश्वास कायम करते हैं। राष्ट्र की सेवा में प्राणों की आहुति देने वाले असम राइफल्स के बहादुर जवानों को श्रद्धांजलि।

(गृह मंत्री अमित शाह का 'एक्स' पर पोस्ट)



राष्ट्रपति भवन में माननीय राष्ट्रपति द्वारा आयोजित नाश्ते में भाग लिया। यह नाश्ता राजस्थान के सभी सांसदों के साथ-साथ अन्य राज्यों के सांसदों के लिए आयोजित किया गया था। माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु से मिलना हमेशा की तरह सुखद और प्रेरणादायक अनुभव रहा। जिस गरिमा और सम्मान के साथ वे देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद का निर्वाह करती हैं, वह सभी जन प्रतिनिधियों के लिए सच्ची प्रेरणा है।

(ओम बिड़ला का 'एक्स' पर पोस्ट)

एनसीईआरटी की भूल को न दें तूल

